E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
23 अक्टूबर, 2026
शुक्रवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 100 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | सोच नई, राजस्थान के लिए | मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

गृहमंत्री शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल पर किया हमला

भाजपा लगातार चुनाव जीत रही तो कांग्रेस ने 'वोट चोरी' का बहाना लिया, जीते हुए राज्यों पर इनका एक शब्द नहीं निकला

दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर विपक्ष को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार को छिपाने के लिए इन मुद्दों का इस्तेमाल कर रही है। दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने पंजाब में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के कामकाज पर भी सवाल उठाए। शाह ने कहा, भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है और विपक्ष इससे परेशान है। इसीलिए वे 'वोट चोरी' का बहाना बना रहे हैं। राहुल जी, आप 'वोट चोरी' की बात इसलिए करते हैं क्योंकि आप घुसपैठियों के वोटों को बचाना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से पहले भी भाजपा कई राज्यों में चुनाव जीत रही थी।

विपक्षी नेताओं की विदेश यात्रा पर भी सवाल उठाए

मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती

शाह ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि भाजपा 30 साल तक सत्ता में रहेगी, तो वे हम पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हैं। वे पूछते हैं कि अमित शाह को चुनाव के नतीजे पहले से कैसे पता होते हैं? शाह यहीं पैदा हुए हैं, यहीं रहते हैं और यहीं मरेंगे। मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती। मैं इस देश के लोगों के बीच रहता हूं।

राहुल जी दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

शाह ने कहा कि जब अदालती फैसले आपके पक्ष में आते हैं, तो आप उन्हें निष्पक्ष बताते हैं, लेकिन जब वे आपके खिलाफ जाते हैं, तो आप उन पर सवाल उठाते हैं। राहुल जी, यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। सियासी पैंतरों और भीड़ से जनादेश को नहीं बदल सकते।

पंजाब में इस बार बनने जा रही एनडीए की सरकार

शाह ने शिरोमणि अकाली दल के साथ भाजपा के गठबंधन को औपचारिक रूप देने का संकेत दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि इस बार पंजाब में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने वाली है। दिल्ली में डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लॉन्च पर शाह ने यह बात कही।

यमुना की सफाई के लिए 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह ने यमुना नदी को साफ करने 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। शाह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना में प्रवाहित होने वाले सीवर के पानी की मात्रा को कम किया है। उन्होंने संकल्प लिया कि भाजपा सरकार मई 2029 तक दिल्ली में यमुना की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित करेगी।

ब्रीफ न्यूज

भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को क्राइस्ट चर्च में खेले गए पहले टी20 मैच में 4 विकेट से हरा दिया। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सबसे सफल रन चेज करते हुए इतिहास रच दिया है। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 225 रन बनाए। भारत ने संजू सैमसन के अर्धशतक, श्रेयस अय्यर और नमन धीर की दमदार पारियों की बदौलत दो गेंद शेष रहते अपना सबसे सफल रन चेज हासिल कर लिया। भारत ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 230 रन बनाए।

मप्र की एक राज्यसभा सीट पर 12 नवंबर को मतदान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मप्र की राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की। यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफा देने से खाली हुई थी। यह उपचुनाव 12 नवंबर को होगा। मुरुगन ने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2030 को समाप्त होने वाला था। चुनाव आयोग के मुताबिक इस सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 2 नवंबर, नामांकन पत्रों की जांच 3 नवंबर और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 5 नवंबर तय की गई है।

» अंदर विशेष

▪ जयपुर में कैलाश खेर-अमीश त्रिपाठी को मिला अवॉर्ड
...पढ़े पेज 3 पर

▪ बस-टेंपो की भिड़ंत में मां, बेटा-बेटी की मौत: एक बच्चा गंभीर घायल
...पढ़े पेज 5 पर

राहुल गांधी और सोनिया गांधी बताएं कि 10 जनपथ पर प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के प्रतिनिधिमंडल के साथ बंद कमरे में क्या बातचीत हुई और क्या कांग्रेस का इस संगठन के साथ कोई समझौता है: भाटिया

राहुल बताएं कि क्या विदेशी संगठनों का उनके कार्यालय या इंडियन ओवरसीज कांग्रेस से कोई संपर्क है: भाजपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और राहुल गांधी पर विदेशी संगठनों से संबंधों के जरिए भारत में अराजकता फैलाने और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के आरोप लगाए। उन्होंने फॉक्स न्यूज की डिजिटल जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए 'प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल' और 'इंडियन अलायंस पेरिस' का उल्लेख किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी से 28 अप्रैल 2025 की मुलाकात, समझौते, विदेशी संगठनों से संपर्क तथा विरोध-प्रदर्शनों की फंडिंग के स्रोत पर जवाब मांगे।

भाटिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के सामने अराजकता, अव्यवस्था और गद्दारी का एक मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं। आज एक प्रतिष्ठित अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट से यह सामने आया है कि किस तरह गद्दारी के तार विदेशी एजेंसियों से जुड़ रहे हैं। ऐसे में, यदि यह पूछा जाए कि इस गद्दार का सरदार कौन है, तो गलत नहीं होगा। हमें यह बात बहुत भारी मन से, पीड़ा और व्यथा के साथ कहना पड़ रहा है

कि यह भारत का दुर्भाग्य है कि देश का नेता प्रतिपक्ष गैर-जिम्मेदार और अपरिपक्व है। हमारे द्वारा सबके समक्ष रखे जाने वाले साक्ष्यों के आधार पर यदि राहुल गांधी को गद्दार और मीर जाफर कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। फॉक्स न्यूज की डिजिटल इन्वेस्टिगेशन बताती है कि फ्रांस और कई अन्य देशों में सत्ता परिवर्तन यानी रिजीम चेंज के लिए अराजकता और अव्यवस्था के माध्यम से जो प्रयास हुए, उनके तार भारत में अपरिपक्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किए जा रहे विरोध-प्रदर्शनों से जुड़ते हैं। इसका मूल भाव यह है कि नौ देशों में 101 संगठन ऐसा इकोसिस्टम तैयार करते हैं, जिसके माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से नागरिकों द्वारा चुनी गई संवैधानिक सरकारों को सत्ता से हटाने का प्रयास किया जाता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि फॉक्स न्यूज की इस रिपोर्ट के अनुसार, यह विरोध-प्रदर्शनों का एक 'रेड-ग्रीन इकोसिस्टम' है। इसमें 'रेड' का अर्थ कम्युनिस्ट समूहों से और 'ग्रीन' का अर्थ इस्लामिस्ट समूहों से है। इस रिपोर्ट का शीर्षक है 'ग्लोबल केओस ग्रोज टू 101 ग्रुप्स'। रिपोर्ट के अनुसार, अराजकता फैलाने वाले 101 संगठन नौ देशों में काम कर रहे हैं। यहीं से राहुल गांधी और गांधी परिवार की गद्दारी सामने आती है। सबसे पहले, यह रिपोर्ट 'इंडियन अलायंस पेरिस' नामक फ्रांस-आधारित संगठन का उल्लेख करती है। जब राहुल गांधी भारत में अराजकता फैला रहे थे, तब प्रदर्शन तो केवल एक बहाना था, जबकि असली उद्देश्य अराजकता फैलाना था। 6 अक्टूबर 2026 को, जब राहुल गांधी यह सब कर रहे थे, तब उनका दाहिना हाथ कौन बना? वह था 'इंडियन अलायंस पेरिस', जो एक फ्रांस-आधारित संगठन है। यह संगठन हमारे आंतरिक मामलों में इस हद तक हस्तक्षेप करता है कि जब राहुल गांधी के विरोध-प्रदर्शन के दौरान उन्हें हिरासत में लिया जाता है, जो संवैधानिक और विधिसम्मत कार्रवाई है, तो सबसे पहले वीडियो कौन साझा करता ▶▶ शेष पेज 6 पर

राहुल गांधी पार्ट टाइम पॉलिटिशियन और फुल टाइम ट्रैवलर: शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए राहुल गांधी को 'पार्ट टाइम पॉलिटिशियन और फुल टाइम ट्रैवलर' करार दिया है। इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली के दौरान राहुल गांधी के वियतनाम दौरे को लेकर सवाल उठाते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, राहुल गांधी केवल समस्या हैं, समाधान नहीं। शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि, 'रिजीम चेंज गैंग' अराजकता फैलाकर सत्ता हासिल करने के हसीन सपने देख रहा है। लेकिन सवाल केवल सत्ता का नहीं, बल्कि देश के भविष्य का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासी विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए जुटे हैं। ऐसे में विपक्ष के सत्ता हासिल करने के नापाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे।

केंद्रीय मंत्री बोले: रिजीम चेंज गैंग के नापाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे, राहुल गांधी केवल समस्या, समाधान नहीं

सिख नरसंहार पर देश से माफी मांगे कांग्रेस: केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1984 में सिखों के खिलाफ हुई हिंसा का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया।

पंचायतीराज चुनाव: पहला चरण

फलौदी में निर्दलीय प्रत्याशी के पति को पीटा: बीकानेर में सबसे ज्यादा, पाली में कम हुई वोटिंग



जोधपुर-कोटा के गांवों में मतदान बहिष्कार

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान की पंचायतीराज संस्थाओं में पहले चरण में गुरुवार को 16 जिला परिषदों और 104 पंचायत समितियों में वोटिंग हुई। फलोदी पंचायत समिति की ढढू ग्राम पंचायत में मतदान के दौरान झगड़े में निर्दलीय प्रत्याशी मैना विश्नोई के पति हनुमान विश्नोई और एक अन्य युवक प्रकाश धतरवाल को पीट दिया। पुलिस घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची और उनका इलाज कराया। घायल प्रकाश ने बताया- मैं मतदान करने गया था। इस दौरान 20-25 लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। रानी पंचायत समिति के डूठारिया और सोजत के नेपावास गांव में लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। जोधपुर की ग्राम पंचायत मंगलसिंह नगर में लोगों ने ओबीसी आरक्षण को लेकर वोट देने से इनकार कर दिया। कोटा में इटावा की सिनोता ग्राम पंचायत के गांव चकटोडी टोडीखेड़ली के लोगों ने भी मतदान का बहिष्कार किया। बीकानेर में आडूरी ग्राम पंचायत के बूथ-19 पर लाइन में खड़ी वोटर अचानक तबीयत खराब होने से गिर गई। पहले चरण में 85 लाख 7 हजार 306 वोटर ने जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य के लिए कुल 6926 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद किया।

तिब्बत में 7 तीव्रता का भूकंप आया: 10 किमी गहराई में था केंद्र

ल्हासा। तिब्बत में 7 तीव्रता का भूकंप आया है। भारतीय समयानुसार गुरुवार रात 8:03 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। इसका केंद्र तिब्बत की राजधानी ल्हासा से करीब 400 किलोमीटर दूर तिब्बत के नागकू क्षेत्र में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र (CENC) के मुताबिक भूकंप के झटके स्थानीय इलाके में साफ महसूस किए गए। फिलहाल जान-माल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। तिब्बत दुनिया के उन इलाकों में शामिल है, जहां भूकंप आने का खतरा ज्यादा रहता है। यहां भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती हैं। इनकी हलचल से हिमालय पर्वत बना है।

कुछ लोग विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे, कांग्रेस कब तक अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी: मोदी

नई दिल्ली। प्रध नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है। कुछ लोग भारत में डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं। कुछ लोग दुनिया में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी। मोदी नई दिल्ली में NDTV वर्ल्ड समिट 2026 में स्पीच दे रहे थे। यहां उन्होंने दुनिया की मौजूदा राजनीति, अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और भारत की भूमिका पर बात की पीएम ने कहा कि कोरोना के समय जब दुनिया को सहयोग की जरूरत



थी, तब सबने अपने स्वार्थ को प्राथमिकता दी। तब मैंने कहा था कि दुनिया के लिए एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत है।

दुनिया के बदले हालात पर मोदी ने कहा कि आजकल नए वर्ल्ड ऑर्डर की चर्चा भी हर कोई कर रहा है, क्योंकि इसका असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। समझना होगा कि वर्ल्ड ऑर्डर बदल क्यों रहा है और भारत की भूमिका क्या है। दूसरे विश्व युद्ध ने दुनिया को एक बड़ा सबक दिया था। दुनिया ने समझा था कि सम्मान, सहयोग और विवादों का समाधान भी जरूरी है। इसी ने यूएन की नींव रखी।

यूएन के सामने कई चुनौतियां है। टेक्नोलॉजी ने दुनिया को पूरी तरह बदल दिया। पहले जो देश उस वक्त ग्लोबल ऑर्डर का हिस्सा नहीं थे, अब वो भी आ गए हैं। यूएन के सामने आज की चुनौतियां साफ दिखाई देती हैं। जब दुनिया की समस्याएं बदल जाएं और समाधान का तरीका नहीं बदले तो दूरियां दिखती हैं। आज वही हो रहा है। होर्मुज और तनाव पर आज ट्रेड वेपनाइजेशन का माध्यम बन रहा है, समुद्री रास्ते आज जियोपॉलिटिकल टेंशन का केंद्र बन रहे हैं। चुनौती ये है कि नई वास्तविकताओं को जगह कैसे मिले। यहां से भारत की भूमिका भी सामने आती है। 2020 में मैंने कहा था कि दुनिया के लिए एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत है यानी ऐसी व्यवस्था, जिसके केंद्र में लोग हों। ये भी समझना जरूरी है कि हम कैसे इस बदलती दुनिया में बदलती आवाजों को भी मुख्यधारा का हिस्सा बना सकेंगे। चाणक्य ने कहा है कि व्यवस्था कमजोर पड़ती है तो मत्स्य न्याय पैदा होता है। यानी बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है।

पीएम बोले- परिवार कांग्रेस पर बोझ बना

पीएम मोदी ने कहा- पता नहीं कांग्रेस कब तक अपने नेता को लॉन्च करती रहेगी। साल भर में श्रीहरिकोटा से जितनी लॉन्चिंग नहीं होती है, उतनी कांग्रेस के नेता की होती है। आज परिवार कांग्रेस पर बोझ बन चुका है। मोदी ने कहा कि भारत जितना मजबूत होगा दुनिया भी उतनी ही मजबूत होगी। भारत दुनिया की टॉप 3 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की कोशिश कर रहा है। देश ने वो दिन देखे हैं जब बिजली की डिमांड बढ़ने पर पूरा ग्रिड बैठ जाया करता था।

जेलेंस्की को अमेरिकी अफसरों ने बंद कमरे में फटकार लगाई

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दूसरों की आलोचना करें तो ठीक, लेकिन कोई उन्हें जवाब दे दे तो वे नाराज हो जाते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को एक बार फिर इसका सामना करना पड़ा।

नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में मंगलवार को बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान ट्रम्प के प्रतिनिधियों स्टीव विटकॉफ (मिडिल ईस्ट में विशेष दूत) और जेरेड कुशनर (ट्रम्प के दामाद) ने जेलेंस्की को फटकार लगाई। दोनों ने जब जेलेंस्की से कहा कि ट्रम्प के खिलाफ उनके बयानों ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नाराज कर दिया है, तो वे सफाई देने लगे और कहा कि उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा।

ये जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ने ब्रिक्स संसदीय मंच को लेकर हुई प्रेस वार्ता में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का महाभियोग प्रस्ताव आने पर नियम-प्रक्रियाओं से होगा फैसला: बिरला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर के नाम पर 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के आरोप में विपक्ष के निशाने पर बने हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को दो टूक अंदाज में कहा कि अगर विपक्ष सीईसी को उनके पद से हटाने के लिए महाभियोग का पुनः कोई नया प्रस्ताव लाएगा। तो उस पर संसदीय नियम-प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जाएगा। लोकतंत्र में

सभी को अपने विचार रखने का अधिकार होता है। संसद में इस बाबत जब प्रस्ताव लाया जाएगा, हम उस समय उस पर कार्रवाई करेंगे। यह जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ने 26 से 27 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स संसदीय मंच के पूर्व में संसद भवन में आयोजित की गई एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है। उन्होंने संसद के सत्रावसान को लेकर कहा कि इसके लिए संविधान में एक तय प्रक्रिया है। जिसमें धारा-85 के तहत लोकसभा अध्यक्ष की कोई भूमिका नहीं होती है। प्रेस वार्ता के दौरान बिरला ने कुछ अन्य मामलों पर पूछे गए प्रश्नों के भी उत्तर दिए।

विशेष सत्र की संभावना बरकरार : परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयकों पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के मुद्दे पर बिरला ने कहा कि इस विषय को पॉजिटिव देखना चाहिए।

दो बार नाकाम हुआ विपक्ष

यहां बता दें पूर्व में विपक्षी दलों द्वारा दो बार कुमार को पद से हटाने की कोशिश की जा चुकी है। जिसमें उनके पहले प्रयास के दौरान दिए गए नोटिस को लोकसभा और राज्यसभा द्वारा खारिज कर दिया गया था। जबकि दूसरे में सौंपा गया प्रस्ताव अभी भी उच्च सदन यानी राज्यसभा में लंबित है। उधर, संविधान और सीईसी तथा अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों की बात करें तो सीईसी को सिर्फ और सिर्फ संसद के द्वारा ही उनके पद से हटाया जा सकता है। यह प्रक्रिया ठीक वैसी ही होगी जैसी सर्वोच्च न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश को पद से हटाने के लिए अपनाई जाती है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों से जुड़े अपॉइंटमेंट कंडीशन ऑफ सर्विस एंड टर्म ऑफ ऑफिस कानून 2023 के तहत उक्त सभी में से कोई कभी भी अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।

दिल्ली नगर निगम में हंगामा, BJP-AAP के पार्षद भिड़े: माइक तोड़ने और फाइलें फेंकने की कोशिश

दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के सदन में गुरुवार को प्रदूषण पर बहस के दौरान हंगामे हो गया। इस दौरान पार्षदों ने माइक तोड़ने और फाइलें फेंकने की कोशिश की। दिल्ली में प्रदूषण से कैसे निपटा जाए, इस पर सदन में चर्चा होनी थी। लेकिन बैठक शुरू होते ही जोरदार हंगामा, धक्का-मुक्की और तोड़फोड़ में बदल गई। भाजपा और आप के पार्षदों ने एक-दूसरे पर चिल्लाया, पानी फेंका और फाइलें उड़ाईं। इसमें कांग्रेस के पार्षद भी शामिल थे।

हालात इतने बिगड़ गए कि मार्शलों को बीच-बचाव करके मेयर प्रवेश वाही को सुरक्षित बाहर निकालना पड़ा। सारा विवाद तब शुरू हुआ जब आप पार्षदों ने

अपने-अपने वार्डों के विकास के लिए तुरंत फंड जारी करने की मांग की। इस पर मेयर वाही ने तुरंत 25 लाख रुपए देने का ऐलान किया और कहा कि इस वित्तीय वर्ष में पार्षदों को कुल 2 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। मेयर के इस ऐलान से भी विपक्ष शांत नहीं हुआ। आप पार्षदों की मांग थी कि तुरंत मिलने वाले इस फंड को बढ़ाकर कम से कम 1 करोड़ रुपए किया जाए। इसी बात को लेकर विवाद और बढ़ गया।

यूजीसी व अन्य सवर्ण मुद्दों पर सवर्ण आक्रोश सभा में जुटने का सवर्ण संगठनों का आह्वान

थिंक राजस्थान • जयपुर

25 अक्टूबर को राष्ट्रीय करनी सेना की ओर से जयपुर के विधाधरनगर में आयोजित सवर्ण आक्रोश सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँचने का आह्वाहन किया। विप्र महासभा के संस्थापक और EWS आरक्षण मंच के अध्यक्ष सुनील उदेईया ने बताया कि होटल पार्क प्राइम में सवर्ण संगठनो की मीटिंग हुई जिसमें ब्राह्मण समाज के संरक्षक नटवर लाल शर्मा, विप्र महासभा के अध्यक्ष योगेन्द्र भारद्वाज श्री परशुराम सेना के अध्यक्ष एड अनिल चतुर्वेदी, वैश्य सेना के राजेंद्र मित्तल, राष्ट्रीय सवर्ण दल के अध्यक्ष मूलचंद अग्रवाल, सवर्ण एकता मंच के सुभाष माहेश्वरी, पुजारी संघ के कमलेश शर्मा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हर्षिता शर्मा युवा प्रकोष्ठ के दीपेश मिश्र आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सभा के आयोजक शिव सिंह शेखावत ने सभी से अपील की कि ये लड़ाई बच्चों के भविष्य के लिए है इसलिए सभी सपरिवार आयें। अनिल चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार सब्र का इम्तिहान ना ले और समाधान करे सभा में यूजीसी रोल बैक, EWS सरलीकरण, सवर्ण आयोग का गठन, आरक्षण व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दों को लेकर सवर्ण समाज द्वारा आक्रोश जताया जाएगा। सभा में देश भर से सवर्ण नेता आयेंगे जो मुद्दों को उठायेंगे।

ब्रीफ न्यूज

रिटायर्ड कर्नल ने किया सुसाइड: पिस्टल से खुद को गोली मारी

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजधानी जयपुर के श्याम नगर थाना इलाके में गुरुवार सुबह सेना के रिटायर्ड कर्नल ने अपने घर पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान रेल नगर निवासी लालसिंह (78) के रूप में हुई है। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो वे लहूलुहान हालत में मिले। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना सुबह करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। सूचना पर श्याम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। श्याम नगर थानाधिकारी हरिसिंह दूधवाल ने बताया कि घटना के समय मृतक की पत्नी, पुत्रवधू, पोता और पोती घर पर मौजूद थे। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। पोते की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र करवाए हैं। प्रारंभिक जांच में मृतक के बीमारी से परेशान रहने और अवसाद के चलते आत्मघाती कदम उठाने की आशंका सामने आई है। हालांकि, खुदकुशी के वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करने के साथ एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच करेगी।

फेस्टिवल सीजन में जयपुर से बेंगलुरु के लिए स्पेशल ट्रेन: 6 ट्रिप होंगे

थिंक राजस्थान • जयपुर

त्योहारी सीजन में ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यशवंतपुर-जयपुर-बेंगलुरु कैंट के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन अक्टूबर से नवंबर तक 6-6 फेरे करेगी। इससे जयपुर सहित रास्ते के प्रमुख स्टेशनों से आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि बेंगलुरु जाने वाले पैसेंजर्स को आसानी से सीट मिल सके। इसके लिए रेलवे ने ये स्पेशल ट्रेन शुरू की है, जिससे दिवाली जैसे फेस्टिवल पर वेटिंग लिस्ट क्लियर हो सके। ट्रेन नंबर 06543 यशवंतपुर-जयपुर स्पेशल 21 अक्टूबर से 25 नवंबर तक हर बुधवार को यशवंतपुर से दोपहर 12 बजे रवाना होगी। यह शुक्रवार सुबह 8 बजे जयपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 06544 जयपुर-बेंगलुरु कैंट स्पेशल 24 अक्टूबर से 28 नवंबर तक हर शनिवार सुबह 8:40 बजे जयपुर से रवाना होगी। यह सोमवार सुबह 5:15 बजे बेंगलुरु कैंट पहुंचेगी। यशवंतपुर से जयपुर आने वाली ट्रेन का दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, दाहोद, वडोदरा, सूरत क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों, पुणे और हुब्बल्लि सहित कई स्टेशनों पर ठहराव होगा।

रींगस से जयपुर आ रही बस में लगी आग: यात्री बोले- ड्राइवर ने नहीं रोकी

थिंक राजस्थान • रींगस

सीकर के रींगस के बावड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे 52 पर निजी बस की छत में आग लग गई। बस में करीब 30 लोग सवार थे। आरोप है कि यात्रियों द्वारा आग लगने की घटना के बारे में बताने के बाद भी ड्राइवर ने बस नहीं रोकी। यात्री चिल्लाते हुए बस के गेट के पास आ गए और कूदने की बात कहीं। जिसके बाद ड्राइवर ने बस रोकी और सभी को बस से उतारा। बस बुधवार सुबह 10 बजे झूंझुनू से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। बस में सवार झुंझुनूं निवासी रिमझिम ने बताया-यात्रियों ने बस के अंदर से बदबू आने पर कंडक्टर को इसके बारे में बताया था, हमने एसी बंद कर बस रोकने के लिए कहा। लेकिन कंडक्टर ने हमारी बात को अनसुना कर दिया और बस नहीं रोकी।

जालोर में RSS का पथ संचलन: 800 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने मिलाया कदम-ताल, फूलों से स्वागत

थिंक राजस्थान • जालोर

विजयादशमी उत्सव के अवसर पर जालोर शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की ओर से 800 से अधिक स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। शाम करीब 5 बजे भक्त सिंह स्टेडियम से शुरू हुआ संचलन शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन सूरज पोल, गांधी चौक, सदर बाजार, घांचियों की पिलानी, बड़ी पोल, पंचायत समिति, बागोड़ा रोड, अस्पताल चौराहा और राजेंद्र नगर होते हुए वापस भक्त सिंह स्टेडियम पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।

इससे पहले भक्त सिंह स्टेडियम में विजयादशमी उत्सव के तहत उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अतिथियों ने शस्त्र पूजन किया। वहीं, स्वयंसेवकों ने घोष का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक विजयानंद ने संबोधित करते हुए देश के सामने मौजूद चुनौतियों के प्रति सजग रहने की बात कही। प्रांत प्रचारक विजयानंद ने हिंदू समाज की घटती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए परिवारों में दो लड़के और दो लड़कियां होने की बात कही। उन्होंने कहा कि परिवारों में चाचा, बुआ, मौसी और ताऊ जैसे रिश्तों को जीवंत बनाए रखने के लिए दो से अधिक बच्चे होना जरूरी है।

पटाखा बेचने का लाइसेंस चाहिए तो 28 तक करें आवेदन: तीन कॉपी में जमा करना होगा फॉर्म

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

दीपावली पर पटाखे बेचने के लिए अस्थाई लाइसेंस लेने के इच्छुक लोगों को 28 अक्टूबर तक आवेदन करना होगा। जिला कलेक्टर कार्यालय के न्यायिक अनुभाग में आवेदन जमा करवाने होंगे। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र AE-5 में आवेदन करना जरूरी है। आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज तीन प्रतियों में देने होंगे। इनमें तीन पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र, प्रस्तावित दुकान का नक्शा और संबंधित निकाय या ग्राम पंचायत से स्थल उपयोग की एनओसी शामिल है। इसके साथ 600 रुपए लाइसेंस शुल्क जमा करवाने की चालान रसीद भी लगानी होगी। अंतिम तारीख के बाद मिलने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदकों को पूरा भरा हुआ फॉर्म सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ तीन प्रतियों में जिला कलेक्टर कार्यालय के न्यायिक अनुभाग में जमा करवाना होगा। आवेदन 28 अक्टूबर तक कार्यालय समय में स्वीकार किए जाएंगे। प्रशासन ने साफ किया है कि तय तारीख के बाद आने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

पटाखा बिक्री का लाइसेंस लेने के लिए आवेदकों को निर्धारित फॉर्म पूरी जानकारी के साथ भरना होगा। पहचान और पते के प्रमाण के लिए आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र लगाया जा सकता है। इसके अलावा जिस जगह पर पटाखे बेचने की योजना है, उसका साफ नक्शा देना होगा। दुकान या बिक्री स्थल के उपयोग के लिए संबंधित निकाय अथवा ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना भी जरूरी है। पटाखे बेचने के लिए अस्थाई लाइसेंस लेने के इच्छुक लोगों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना आवेदन तैयार कर लें। फॉर्म भरते समय सभी जरूरी जानकारियां दें और दस्तावेजों की जांच कर लें।

जयपुर एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की इंटरनेशनल फ्लाइट्स लगातार लेट

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की इंटरनेशनल फ्लाइट्स में लगातार हो रही देरी से यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। जयपुर से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट SG-5157 गुरुवार को भी निर्धारित समय से करीब साढ़े 6 घंटे देरी से संचालित होने की संभावना है। इस फ्लाइट का जयपुर से दुबई जाने का निर्धारित समय सुबह 7 बजकर 55 मिनट है, लेकिन आज इसके दोपहर करीब 2 बजकर 30 मिनट तक रवाना होने की संभावना जताई गई है। लगातार दूसरे दिन फ्लाइट में लंबी देरी के कारण यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना में बदलाव करना पड़ रहा है। इससे पहले बुधवार सुबह की फ्लाइट करीब 18 घंटे की देरी से रात 2 बजकर 20 मिनट पर जयपुर से दुबई के लिए रवाना हुई थी। सुबह की फ्लाइट का देर रात रवाना होना यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना था। अब गुरुवार को भी फ्लाइट के घंटों लेट होने से एयरलाइन की संचालन व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

दुबई से जयपुर फ्लाइट देरी से पहुंची

वहीं, दुबई से जयपुर आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट SG-9158 भी देरी से संचालित हो रही है। इस फ्लाइट के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 55 मिनट था, लेकिन करीब चार घंटे की देरी के साथ इसके सुबह लगभग 11 बजे बाद यह फ्लाइट जयपुर पहुंची। इसके साथ ही दिल्ली से जयपुर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E-6190 भी गुरुवार सुबह देरी से रवाना हुई। इस फ्लाइट का निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 7 बजकर 25 मिनट था, लेकिन यह करीब 45 मिनट की देरी से सुबह 8 बजकर 10 मिनट दिल्ली से रवाना हुई। जयपुर एयरपोर्ट पर अलग-अलग एयरलाइंस की उड़ानों में हो रही देरी के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

गांधीनगर स्टेशन के बाहर कार सवार बदमाशों का उत्पात: विवाद के बाद तेज रफ्तार स्विफ्ट से गाड़ियों को टक्कर मारी

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर स्विफ्ट कार सवार युवकों द्वारा उत्पात मचाने और 2 युवकों को कार से कुचलने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। मामला बुधवार रात 11.51 बजे का है। कार सवारों ने तेज रफ्तार कार से कई गाड़ियों को टक्कर मार दी और दो युवकों को कुचलने की कोशिश भी की गई। घटना में दो लोग घायल भी हुए ह। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गांधी नगर रेसवे स्टेशन के बाहर चाय की दुकान पर दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद स्विफ्ट कार सवार युवकों ने कथित तौर पर स्टंटबाजी करते हुए तेज रफ्तार में कार दौड़ाई। इस दौरान युवकों ने रास्ते में कई वाहनों को टक्कर मार दी। वहीं कार सवार ने युवकों को भी कार से कुचलने का प्रयास किया गया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। बजाज नगर थानाधिकारी मुनिंदर सिंह ने कहा - फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि वीडियो कब का है। वायरल वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस कार के नंबर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चालक की पहचान करने में जुटी है। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल इस मामले में किसी की ओर से मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस वाहन की पहचान कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

ट्रेन में सामान की सुरक्षा के लिए टोकन-सिस्टम की मांग

जैसलमेर। जैसलमेर के रेलवे स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम हुआ। इसमें नागरिकों और स्थानीय संगठनों ने अपनी मांगें और सुझाव रखे। सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार अवस्थी और अन्य टूरिज्म व्यापारियों ने मिलकर जैसलमेर की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के सुझाव रखे। कार्यक्रम के जरिए रेल मंत्री के नाम एक मांग पत्र भी सौंपा गया। ज्ञापन में एसी कोच के अंदर यात्रियों के सामान की सुरक्षा के लिए कोच अटेंडेंट के जरिए टोकन सिस्टम लागू करने की मांग प्रमुखता से उठी। इसके अलावा, सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए जैसलमेर से भाभर रेललाइन को जल्द से जल्द जोड़े जाने पर जोर दिया। ताकि गुजरात, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के साथ सीधा संपर्क स्थापित हो सके।

बीकानेर हाउस से रेहाना-वाड्रा की फोटो-प्रदर्शनी से हटवाईं तस्वीरें: गहलोत

डोटासरा बोले- सरकार के इशारे पर हटाईं युवाओं के प्रोटेस्ट की फोटोज

थिंक राजस्थान • जयपुर

कांग्रेस नेता और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की दिल्ली के बीकानेर हाउस में लगी फोटो प्रदर्शनी से युवा आंदोलन से जुड़ी फोटो हटवाने पर सियासी विवाद हो गया है। यहां से रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से तस्वीरें हटवाने को लेकर अब राजस्थान के कांग्रेस नेताओं ने राज्य और केंद्र सरकार पर पलटवार करते हुए कमेंट किए। फोटो प्रदर्शनी शुरू होने से पहले ही फोटो यहां से हटा दी गईं।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित कई कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी सरकार पर सच को दबाने और असहमति पर सेंसरशिप लगाने का आरोप लगाया।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- दिल्ली के बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज्यादा फोटो हटवा दी गईं। बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है। यानी भाजपा सरकार की निगरानी में एक युवा कलाकार की कला का गला घोंटा गया, जो निंदनीय है। इस प्रदर्शनी में कई तस्वीरें दिल्ली के युवा आंदोलनों की थीं। भाजपा को सबसे ज्यादा डर उसी सच से लगता है, जो जनता के सामने आ जाए। जो सरकार फोटो प्रदर्शनी से घबरा जाए, वह इन आंदोलनों के दौरान उठाए गए अनुचित कदमों को छिपाना चाहती है।

गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया पर लिखा- जब भी असहमति असुविधाजनक लगने लगती है, तो भाजपा का जवाब उसे दबा देना होता है। दिल्ली के बीकानेर हाउस में चल रही रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से 74 कलाकृतियां हटा दी गईं। शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शनों को दर्शाने वाली इन कलाकृतियों को इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि वे बहुत अधिक राजनीतिक थीं।

डोटासरा ने लिखा- बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है और यह तानाशाही भरा फैसला सरकार के इशारे, निर्देश पर लिया गया। भाजपा सच से डरती है और सत्ता से सवाल पूछने वाली आवाजो से असहज हो जाती है। कला को दबाने से असहमति को नहीं दबाया जा सकता। मैं रेहान वाड्रा को उनकी फोटो प्रदर्शनी के लिए बधाई देता हूं।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने लिखा- नो आइडिया इज फाइनल प्रदर्शनी के बीकानेर हाउस में शुरू होने से महज 5 घंटे पहले रेहान को अपनी प्रदर्शनी की अधिकांश तस्वीरें हटाने के लिए मजबूर किया गया।

रेहान वाड्रा बोले- प्रदर्शनी रद्द करने की दी धमकी

रेहान वाड्रा ने कहा- मेरा फोटो प्रदर्शनी बुधवार शाम 7 बजे शुरू होने वाली थी। शो का नाम 'नो आइडिया इज फाइन' था। शो शुरू होने से 24 घंटे पहले बीकानेर हाउस के मैनेजमेंट ने मुझसे संपर्क किया और कहा कि कुछ तस्वीरें उनकी पॉलिसी के खिलाफ हैं। डिप्टी रेजिडेंट कमिश्नर ने कहा कि हमें ये सभी तस्वीरें हटानी होंगी। ये तस्वीरें दिल्ली में पिछले एक साल के दौरान हुए युवा आंदोलनों की 'स्ट्रीट फोटोग्राफी' थीं। रेहान ने कहा- बीकानेर हाउस के प्रमुख प्रिंसिपल रेजिडेंट कमिश्नर आए और उन्होंने कहा- 70 तस्वीरों में से कोई भी नहीं लगाई जाएगी। मुझे नोटिस भेजा, जिसमें लिखा था- अगर आप 5 बजे तक इन्हें नहीं हटाते हैं तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा।

बीजेपी का लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान: कांग्रेस के नरेटिव को तोड़ने के लिए जेन-जी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के बीच जाएगी पार्टी

थिंक राजस्थान • जयपुर

कांग्रेस और सीजेपी(CJP) के एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को हटाने के अभियान के नरेटिव को तोड़ने के लिए बीजेपी ने आज से देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान शुरू किया हैं। 5 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में पार्टी ने जेन-जी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के जरिए कांग्रेस के नरेटिव को तोड़ने का लक्ष्य रखा हैं।

दरअसल, देश में इस समय विपक्षी पार्टियां एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यशैली को लेकर मौजूदा केन्द्र सरकार पर सवाल खड़े कर रही हैं। इस नरेटिव को तोड़ने के लिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने आज से इस अभियान को शुरू किया हैं। अभियान के तहत हर प्रदेश में पार्टी पदयात्रा, संवाद कार्यक्रम, प्रेस कांफ्रेंस और सोशल मीडिया के जरिए प्रोफेशनल्स, युवा, छात्र और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

अभियान को लेकर बीजेपी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची की शुचिता और पात्र नागरिकों के मताधिकार के मुद्दे पर जनसमर्थन जुटाना है। उन्होंने कहा कि SIR को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब देना और चुनाव आयोग सहित लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास मजबूत करने का संदेश देना है। बगड़ी ने कहा कि विपक्ष एसआईआर को लेकर भ्रामक सूचनाएं फैलाने और अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपना रहा है।

41 जिलों में पदयात्रा, 200 विधानसभाओं में संवाद

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश के जिला मुख्यालयों में पदयात्राएं आयोजित की जाएगी। पदयात्राओं में मतदाता सूची की शुद्धता, घुसपैठ और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े मुद्दों पर जनता को सच्चाई से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 23 से 31 अक्टूबर के बीच प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 'राष्ट्र चिंतन संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें डॉक्टर, वकील, शिक्षक, प्रोफेसर, कारोबारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और अन्य पेशेवर शामिल होंगे। इन संवादों में एसआईआर की प्रक्रिया, मतदाता सूची में संशोधन और अवैध घुसपैठ से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

ब्रीफ न्यूज

गुजरात से लाया 750 किलो संदिग्ध घी जब्त: दिवाली से पहले मिलावट पर कार्रवाई

थिंक राजस्थान • सिरोही

दीपावली से पहले मिलावट रोकने के लिए सिरोही प्रशासन ने कार्रवाई की है। गुजरात से लाया गया करीब 750 किलो संदिग्ध घी रीको स्थित धनलक्ष्मी सेल्स के गोदाम से जब्त किया गया। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर और सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी के निर्देश पर "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत हुई। टीम में जिला प्रशासन, पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी शामिल थे। प्राथमिक जांच में घी की गुणवत्ता पर संदेह होने पर सैंपल लिए गए और पूरा स्टॉक सीज कर दिया गया। टीम ने वीरवाड़ा के चामुंडा किराना से सूजी, सरसों तेल और आबूरोड के उमंग मॉल व डीएमआर सुपर मार्ट से कई खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए। सभी नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग ने फास्ट फूड विक्रेताओं, होटल और ढाबा संचालकों को सिंथेटिक रंगों के इस्तेमाल, बासी मावा बेचने और अखबार में तले हुए सामान परोसने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

'रेल-जन-संवाद' अभियान: अधिकारियों ने सुनीं यात्रियों की समस्याएं और सुझाव

थिंक राजस्थान • सिरोही

आबू रोड रेलवे स्टेशन पर गुरुवार दोपहर 'रेल-जन-संवाद विशेष अभियान-6.0' चलाया गया। मुख्य मंडल यांत्रिकी इंजीनियर, डीज़ल शेड, आबू रोड के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की एक टीम ने यात्रियों से बातचीत की। इस टीम में स्टेशन अधीक्षक, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (C&W), यातायात निरीक्षक, ट्रेन मैनेजर, काउंसलर, प्रधान टिकट संग्राहक, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (टेलीकॉम) और कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) जैसे कई पर्यवेक्षक शामिल थे। अभियान के दौरान यात्रियों से स्टेशन पर मौजूद सुविधाओं के बारे में सीधी बात की गई। उनकी समस्याओं, जरूरतों और सुझावों को ध्यान से सुना गया। मिले सुझावों को दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए मंडल रेल कार्यालय भेजा गया।

झुंझुनूं एसपी ने 5 गांवों के मतदान केंद्रों पर सुरक्षा-व्यवस्था देखी, दिए दिशा-निर्देश

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। SP कावेन्द्र सिंह सागर ने गुरुवार को बाकरा, पातुसरी, मालसर, बिशनपुरा और दोरासर गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों और संवेदनशील स्थानों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान झुंझुनूं ग्रामीण DSP गोपाल सिंह ढाका और सदर थाना प्रभारी बिमला बुडानिया भी मौजूद रहे।

जयपुर में कैलाश खेर-अमीश त्रिपाठी को मिला अवॉर्ड: सवाई भवानी सिंह की जयंती पर सिटी पैलेस में दिए गए 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स-2026'



थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के 300 साल पूरे होने से पहले एक साल तक जश्न मनाने के कार्यक्रम के तहत 25 कैटेगरी में अलग-अलग विभूतियों को अवार्ड दिए गए। सिटी पैलेस स्थित प्रीतम निवास चौक में गुरुवार को वार्षिक 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2026' दिए गए। ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह, एमवीसी ऑफ जयपुर की जयंती पर समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जयपुर पूर्व राजपरिवार के सदस्य पद्मनाभ सिंह, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और गौरवी कुमारी ने बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर को महाराजा सवाई माधो सिंह द्वितीय अवॉर्ड और राइटर अमीश त्रिपाठी को महाराजा सवाई प्रताप सिंह अवॉर्ड दिया। साथ ही दैनिक भास्कर राजस्थान के स्टेट एडिटर किरण राजपुरोहित को महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह अवॉर्ड दिया गया।

समारोह में समाज सेवा, चिकित्सा, संस्कृति, पारंपरिक शिल्प, पर्यावरण, पर्यटन, पत्रकारिता, साहित्य, शिक्षा, कला, फोटोग्राफी, थिएटर, फिल्म, खेल, उद्योग और विरासत संरक्षण सहित 25 क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कार दिए गए। इन पुरस्कारों के नाम जयपुर के इतिहास, पूर्व राजपरिवार और उससे जुड़ी प्रमुख विभूतियों के नाम पर रखे गए हैं।

सिंगर कैलाश खेर ने 'तेरी दीवानी' गाने की दो लाइनें भी पेश की और सिटी पैलेस से जुड़ी यादें भी सुनाईं। उन्होंने कहा- यहां अवार्ड लेना घर में सम्मान पाने जैसा है। मैं इस परिवार में पला हूं। दीया कुमारी ने हमसे संगीत सीखा है। मेरा गाना 'सैयां...' इसी सिटी पैलेस में ही शूट हुआ है। जिस जगह पर गाने का एक सीन शूट हुआ था। वही पर यह अवॉर्ड मिला है। यह मेरे लिए बड़ी बात है। पद्मिनी देवी ने कहा- जब कैलाश को सुना, तब यह बच्चे ही थे। तब मैंने कहा था कि तुम अच्छा गाते हो। मेरी बेटी दीया कुमारी को तुम सिखाओ। तब इन्होंने कहा था कि मेरा कुछ चल नहीं रहा है। आप ही मुझे रख लो। तब मैंने कहा था कि तुम्हारी जगह बहुत आगे है। मैं तुम्हे अपने पास रखकर रोक नहीं सकती। तुम्हें बहुत आगे चमकना है और आज हुआ भी यही है।

स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, उछलकर सड़क पर गिरा

हादसे में एक युवती और युवक घायल

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के पांचवी रोड पर सड़क हादसा हो गया। बीकानेर नंबर की एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दोनों उछलकर नीचे गिर गए। हादसे में बाइक सवार दो जने घायल हो गए। घटना से जुड़ा एक CCTV भी सामने आया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को हॉस्पिटल ले जाया गया। हादसा गुरुवार देर रात करीब 10 बजे पांचवीं रोड पर स्थित एक मिठाई की दुकान के पास हुआ। काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी।

इधर सूचना मिलने के बाद सरदारपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। हादसे में बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद पुलिस बाइक को थाने ले आई। सरदारपुरा थाना अधिकारी किशनलाल विश्नोई ने बताया- बाइक पर एक लड़का और लड़की सवार थे। जो स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अभी MDM हॉस्पिटल लाया गया है। दोनों का इलाज किया जा रहा है।

अतिक्रमण हटाने गई निगम टीम को घेरा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के सरदारपुरा इलाके में गुरुवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने निगम की जीप रोककर घेराव किया और नारेबाजी की। हालात को देखते हुए निगम टीम ने पुलिस को बुलाया। इसके बाद पुलिस की मदद से टीम वहां से निकल सकी। दरअसल, निगम आयुक्त राहुल जैन और अन्य अधिकारियों को शिकायत मिली थी कि शाम के समय में चिल्ड्रन पार्क से लेकर 12वीं रोड तक थड़ी-ठेले वाले जमा हो जाते हैं। इस कारण रास्ते में भीड़ लगी रहती है। इससे सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में निगम की टीम शाम को करीब 7:30 बजे कार्रवाई करने यहां पर पहुंची और तीन ट्रैक्टर भरकर सामान को जब्त किया, जिसमें 10-12 ठेले, केबिन आदि शामिल थे। अतिक्रमण प्रभारी मुख्यालय सतर्कता रजनीश बरसा ने बताया कि निगम में ट्रैक्टर ट्राली में भरा सामान खाली करने के बाद टीम दोबारा कार्रवाई करने पहुंची। इस दौरान सतर्कता शाखा प्रभारी जलज घसिया भी टीम के साथ पहुंचे। टीम दोबारा कार्रवाई करते हुए वहां एक रेस्टोरेंट के सड़क पर रखे गए सामान को जब्त किया।

अजमेर: रिटायर्ड एडिशनल एसपी पर रेप का आरोप, एसपी से कार्रवाई की मांग

पीड़िता पर भी 50 लाख और दो प्लॉट मांगने का आरोप, दोनों FIR दर्ज

थिंक राजस्थान • अजमेर

अजमेर जिले के एक थाने में दर्ज रेप के मामले में कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दी और न्याय की मांग की। पीड़िता ने एक रिटायर्ड एडिशनल एसपी पर रेप और ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए हैं। वहीं दूसरी तरफ रिटायर्ड एडिशनल एसपी ने भी अजमेर के एक अन्य थाने में महिला के खिलाफ हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज करवाया है। दोनों पक्षों की शिकायतों में एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीण एडिशनल एसपी डॉ. लालचंद कायल ने कहा- पीड़िता ने ग्रामीण क्षेत्र के थाने में मामला दर्ज करवा रखा है। मामले में जांच जारी है। जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पीड़िता के अनुसार- पारिवारिक विवाद में मदद का झांसा देकर रिटायर्ड अधिकारी ने मुझे ब्लैकमेल किया और मेरा देह शोषण किया। इस संबंध में पीड़िता ने 5 सितंबर 2026 को थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

पीड़िता ने थानाधिकारी पर राजीनामे के लिए दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। उसका कहना है कि उसे रात 10 बजे फोन कर थाने बुलाया जाता है। छोटे बच्चे की जिम्मेदारी बताने के बावजूद आने का दबाव बनाया जाता है। पीड़िता के अनुसार- गवाही या साक्ष्य देने थाने जाने पर आरोपी वहां मौजूद मिला। कुछ दिन पहले आरोपी ने मेरे और गवाहों के साथ गाली-गलौज की थी। पीड़िता का आरोप है कि मामले में एफआर लगाने और उल्टा ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवाने की धमकी दी जा रही है। उसने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

50 लाख रुपए और दो प्लॉट मांगे

दूसरी तरफ रिटायर्ड एडिशनल एसपी ने शहर के एक थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि महिला ने नवंबर 2024 में सोशल मीडिया के जरिए मुझसे संपर्क किया था। महिला ने मेरी बेटी के वैवाहिक विवाद में कानूनी मदद का भरोसा दिलाया और दस्तावेज लेने के बहाने संपर्क बनाए रखा। अधिकारी ने आरोप लगाया कि महिला ने बाद में मुझे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। रिटायर्ड अधिकारी के अनुसार- पहले 5 लाख रुपए की मांग की गई। बाद में 50 लाख रुपए और दो प्लॉट देने का दबाव बनाया गया। आरोप है कि रकम नहीं देने पर दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले में फंसाने, एआई से फोटो-वीडियो तैयार कर बदनाम करने, मोबाइल हैक करने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री डालने की धमकी दी गई। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि मेरे बेटे को भी ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। रिटायर्ड अधिकारी ने बताया- उन्होंने 30 अक्टूबर 2025 को थाने में शिकायत दी थी। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर 11 अक्टूबर 2026 में मामला दर्ज हुआ।

ICAI: इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी, जयपुर के 9 स्टूडेंट्स की ऑल इंडिया टॉप-50 में रैंक

थिंक राजस्थान • जयपुर

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) ने गुरुवार को CA इंटरमीडिएट सितंबर 2026 का रिजल्ट जारी किया। जयपुर के 9 स्टूडेंट्स ने ऑल इंडिया टॉप-50 में जगह बनाई है। इनमें भूमिका अग्रवाल और अतिशय पटवा ने 21वीं रैंक हासिल की है। वहीं नभ बोहरा 25वीं रैंक पर रहे।

ICAI जयपुर ब्रांच के चेयरमैन राजा मोरध्वज शर्मा ने बताया- परीक्षा में शामिल जयपुर के 990 स्टूडेंट्स में से 210 पास हुए हैं। इस तरह स्टूडेंट्स के पास होने का प्रतिशत 21.21% रहा। जयपुर के 9 स्टूडेंट्स ने ऑल इंडिया टॉप-50 में जगह बनाई है। उन्होंने बताया - जयपुर के उदय माहेश्वरी ने ऑल इंडिया 28वीं रैंक हासिल की है। शिवानी अग्रवाल की 35वीं, चाहत विजय की 38वीं, दिव्यांशी मित्तल की 44वीं और प्रिया चाहर की 45वीं रैंक आई है। वहीं प्रियांशी शर्मा ने ऑल इंडिया 50वीं रैंक हासिल की है। भूमिका अग्रवाल और अतिशय पटवा संयुक्त रूप से 21वीं रैंक पर रहे।

मां से मोटिवेट होकर CA की पढ़ाई शुरू की

जयपुर की भूमिका अग्रवाल ने CA इंटरमीडिएट में ऑल इंडिया 21वीं रैंक हासिल की है। उनके माता-पिता दोनों चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। परिवार में CA का माहौल होने के कारण उन्होंने भी इसी फील्ड में करियर बनाने का फैसला किया। भूमिका ने बताया कि मां से मोटिवेट होकर उन्होंने CA की पढ़ाई शुरू की। फाउंडेशन में मेरी 11वीं रैंक आई थी। ऐसे में इंटरमीडिएट में भी रैंक बरकरार रखने का दबाव था। भूमिका ने बताया कि वे रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थीं। भूमिका ने कहा- मैंने क्लासेज नियमित रखीं और आखिरी तीन महीने में तैयारी पर पूरा फोकस किया। पढ़ाई के साथ सोशल मीडिया का इस्तेमाल भी करती थीं। रिफ्रेश होने के लिए गाने सुनती थीं।

भूमिका ने बताया कि जब उसकी कोचिंग खत्म हुई, तब दूसरे स्टूडेंट्स का सिलेबस पूरा हो चुका था। इससे वे डिमोटिवेट हो गई थीं, लेकिन दोबारा तैयारी पर ध्यान दिया। भूमिका ने कहा- फाउंडेशन में 11वीं रैंक आने के कारण इस बार भी रैंक बनाए रखने का दबाव था। लगातार मेहनत के बाद मैंने इंटरमीडिएट में भी ऑल इंडिया रैंक हासिल की।

स्ट्रेटजी बदली, नभ ने हासिल की 25वीं रैंक

जयपुर के नभ बोहरा ने CA इंटरमीडिएट में ऑल इंडिया 25वीं रैंक हासिल की है। उनकी मां हाउसवाइफ हैं, जबकि पिता स्टॉक मार्केट से जुड़े काम करते हैं। नभ ने बताया कि पिता की सलाह पर उन्होंने CA की तैयारी शुरू की। वह आगे बिजनेस करना चाहते हैं। ऐसे में पिता ने उन्हें पहले CA की पढ़ाई पूरी करने और फिर बिजनेस शुरू करने की सलाह दी। नभ ने बताया कि फाउंडेशन परीक्षा में उनकी रैंक नहीं आई थी और स्कोर भी कम था। इसके बाद मैंने अपनी स्ट्रेटजी में बदलाव किया। मैं रोजाना करीब 6 से 7 घंटे पढ़ाई करता था। मोबाइल का इस्तेमाल करने के साथ वेब सीरीज और मूवीज भी देखता था, लेकिन पढ़ाई के समय सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दिया। तैयारी के दौरान फैमिली फंक्शन के कारण एक सप्ताह से ज्यादा समय भी खराब हुआ, इसके बावजूद मैंने तैयारी जारी रखी। नभ ने बताया- इस बार मैंने वेब सीरीज देखना कम किया। पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दिया। अब आर्टिकलशिप पूरी करने के बाद CA फाइनल की तैयारी करनी है।

माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में भव्यता के साथ संपन्न हुआ 'विजयोत्सव'

थिंक राजस्थान • जयपुर

माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर के तक्षशिला सभागार में आज भारतीय संस्कृति, आदर्शों और अटूट श्रद्धा के पर्व 'विजयोत्सव' का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन किया गया। असत्य पर सत्य की विजय और दुराचार पर सदाचार की पुनर्स्थापना को समर्पित इस विशेष आयोजन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर कोषाध्यक्ष महोदय श्री अरुण कुमार मालू, मानद सचिव महोदय सी.ए संजय जी बांगड़, भवन मंत्री श्री प्रवीण जी लड्ढा, एम.एम.सी के सम्मानित सदस्यगण, प्राचार्या महोदया श्रीमती रीटा भार्गव, उपप्राचार्य महोदय व महोदया,प्राथमिक व उपप्राथमिक विभाग की प्रभारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के आह्वान के साथ रामायण की दिव्य गाथा का प्रभावशाली मंचन किया गया। कठपुतली प्रस्तुति, शबरी की अनन्य भक्ति, श्रीराम-हनुमान मिलन, लंका यात्रा और रामसेतु निर्माण जैसे प्रसंगों ने कर्तव्यनिष्ठा और धर्म की महत्ता को रेखांकित किया।

रामदरबार की मनोहारी झाँकी ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही, त्रेतायुग और कलियुग के तुलनात्मक चित्रण के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को जीवन-मूल्यों पर चिंतन करने की प्रेरणा दी गई। विद्यार्थियों ने 'आगाज़', 'कंधों से मिलते हैं कंधे' जैसे अनेक प्रेरक गीतों पर ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत कर एकता और सकारात्मकता का संदेश दिया। अंत में कोषाध्यक्ष महोदय व मानद सचिव महोदय ने अपने प्रेरणादायी विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह 'विजयोत्सव' विद्यार्थियों की सृजनात्मकता का प्रमाण होने के साथ-साथ भारतीय संस्कारों और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

ब्रीफ न्यूज

'मानसरोवर डांडिया दरबार'-2026 में दिखा जोश

थिंक राजस्थान • जयपुर

रॉयल हेरिटेज इवेंट्स की ओर से 'मानसरोवर डांडिया दरबार'-2026 में नवरात्रि की उमंग, पारंपरिक संस्कृति और मनोरंजन का शानदार आयोजन किया गया। रॉयल हेरिटेज इवेंट्स की फाउंडर एंड डायरेक्टर गीता आर्या ने बताया कि राजधानी जयपुर के मानसरोवर में वरुण पथ स्थित जांगिड़ भवन में आयोजित दो दिवसीय डांडिया दरबार में मस्ती भरी गीतों की धुनों पर सभी प्रतिभागियों ने उत्साह एवं जोश भरे अंदाज में जमकर डांस किया। विभिन्न रंग-बिरंगी पारम्परिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने उत्सव के माहौल को खास बना दिया। संगीत, डीजे और आकर्षक सजावट के बीच युवाओं ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी पंकज वर्मा (सोनी), आयोजन संरक्षक कुंवर महेंद्र सिंह कल्लावास और पत्रकार घनश्याम आर्या उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सामाजिक मेलजोल और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाला बताया। इस आयोजन का उद्देश्य नवरात्रि के पर्व को यादगार बनाने के साथ ही डांडिया-गरबा के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परम्पराओं को प्रोत्साहित करना रहा। इस आयोजन में समाजसेवी रवि सैन, कार्यकर्ता विकास जांगिड़, मीडिया प्रभारी जीवन सिंह रावत और इवेंट मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संभाल रहे मोहन आर्या का विशेष सहयोग रहा।

1001 बालिकाओं का सामूहिक कन्या पूजन, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

थिंक राजस्थान • जयपुर

नवरात्र के अवसर पर सामाजिक समरसता, नारी सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को शास्त्री नगर स्थित आनंदम जन उपयोगी भवन में 1001 बालिकाओं का सामूहिक कन्या पूजन एवं भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर महानगर एवं अलका गौड़ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन हुआ। फाउंडेशन की अध्यक्ष अलका गौड ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम उपमहापौर सरोज कंवर रहीं। मुख्य वक्ता घुमंतू जाति उत्थान न्यास राजस्थान के क्षेत्र संयोजक महावीर प्रसाद शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जयपुर के जिला अध्यक्ष अमित गोयल रहे। आयोजन में पूर्व महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, डॉ. शोभा तोमर, घुमंतू जाति उत्थान न्यास के प्रांत सह संयोजक राकेश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से डीसीबी बैंक के अधिकारी, सीएसआर पर हुई चर्चा

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डीसीबी बैंक (DCB Bank) के अधिकारियों के बीच शिष्टाचार भेंट हुई। यह राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक बेहद सकारात्मक कदम है। राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक बेहद सकारात्मक कदम है। बैठक में रिजनल हेड आशीष बंसल, अभिषेक शर्मा और सुधांशु दाधीच के साथ बैंक की सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजस्थान सरकार के विजन "सबका साथ, सबका विकास" के तहत प्रदेश के समग्र उत्थान की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ। इस मुलाकात के दौरान समाज की तीन सबसे बड़ी समस्याओं पर विशेष रूप से वार्ता की गईः जैसे नशे पर रोकथामः युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियानों पर चर्चा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा के स्तर को सुधारने पर बल। कानून से संघर्षरत किशोरों (बाल अपराधियों) के पुनर्वास, उनकी काउंसिलिंग और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सुधारात्मक कदमों पर मंथन किया।

एसबीआई में अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण नीति पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

थिंक राजस्थान • जयपुर

भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर सर्किल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ, जयपुर सर्किल के सहयोग से 22 एवं 23 अक्टूबर 2026 को एसबीआईएलडी, जयपुर में OBC आरक्षण नीति पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ जयपुर सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक श्री ओंकार नाथ चौधरी एवं एसबीआई अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ जयपुर के अध्यक्ष श्री रामावतार सिंह जाखड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (CDO) श्रीमती रीता राजोरा, विषय विशेषज्ञ श्रीमती आर. गायत्री, संघ के अध्यक्ष श्री रामावतार सिंह जाखड़, महासचिव श्री रूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री भवानी सिंह सोलंकी, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री सतीश चौधरी तथा ओबीसी संपर्क अधिकारी श्री संजीव कुमार उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक श्री ओंकार नाथ चौधरी एवं उप महाप्रबंधक (CDO) श्रीमती रीता राजोरा ने अपने संबोधन में आरक्षण नीति से संबंधित प्रावधानों, दिशा-निर्देशों तथा बैंक में उनके क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। संघ के अध्यक्ष श्री रामावतार सिंह जाखड़, महासचिव श्री रूपेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री भवानी सिंह सोलंकी ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

बस-टेंपो की भिड़ंत में मां, बेटा-बेटी की मौतः एक बच्चा गंभीर घायल, मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे

थिंक राजस्थान • जालोर

जालोर में रोडवेज बस और टेंपो में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में मां, बेटा-बेटी की मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर घायल हो गया। मां ने नवरात्रि में ही बेटे को नया टेंपो दिलाया था। एक्सीडेंट के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने ही एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। हादसा रामसीन-भीनमाल स्टेट हाईवे पर भरूड़ी गांव में दोपहर 1 बजे हुआ। थानाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया- मुथला कांबा निवासी ललिता देवी (42) पत्नी रमेश कुमार, उसके बेटे कैलाश (19) और बेटी सुमन कुमारी (17) की मौत हो गई। एक बेटा राजू (8) गंभीर घायल हो गया। थानाधिकारी ने बताया- परिवार रामसीन गांव में मंदिर दर्शन कर घर जा रहा था। दोनों वाहन जब्त कर लिए। बस ड्राइवर को पकड़ लिया है। रोडवेज बस भीनमाल से उदयपुर की ओर जा रही थी।

SHO अरविंद कुमार ने बताया- टेंपो में 5 लोग सवार थे। घटना के वक्त टेंपो ललिता का भाई पुरुषोतम चला रहा था। जो हादसा होते ही टेंपो से कूद गया, जिससे वह बच गया। ललिता आंगनबाड़ी में काम करती थी। बेटा कैलाश किराए पर टैक्सी लेकर चलाता था। पति रमेश मजदूरी करते हैं। अब परिवार में रमेश, बेटा राजू और एक बेटी बची है।

आधार कार्ड नहीं होने पर भी मिलेगा सरकारी स्कूलों में प्रवेश

शिक्षा निदेशालय ने जारी किए निर्देश

थिंक राजस्थान • बीकानेर

राजस्थान के सरकारी विद्यालयों में आधार कार्ड नहीं होने के कारण किसी भी बच्चे को प्रवेश से वंचित नहीं रखा जा सकेगा। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर ने इस संबंध में प्रदेश के शिक्षा अधिकारियों और विद्यालयों के संस्था प्रधानों को निर्देश जारी किए हैं।

निदेशालय की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आधार कार्ड के अभाव में बच्चों का राजकीय विद्यालयों में दाखिला रोकना उचित नहीं है। यह निर्देश राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग (ग्रुप-5) के 9 अक्टूबर 2026 के पत्र के क्रम में जारी किए गए हैं। इसमें भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) से प्राप्त पत्र का भी संदर्भ दिया गया है।

निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त निदेशकों, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों, पीईईओ, यूसीईईओ और सभी विद्यालयों के संस्था प्रधानों को आदेश की प्रतिलिपि भेजी गई है। शिक्षा निदेशालय के इस निर्देश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार और विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहे।

नेशनल बॉक्सिंग में बीकानेर की गर्विता चौधरी ने जीता स्वर्ण

तीन बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान

थिंक राजस्थान • बीकानेर

हरियाणा के कैथल में आयोजित सीबीएसई नेशनल बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बीकानेर की बालिका मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। 15 से 20 अक्टूबर तक आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में गर्विता चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बेनेश, वंशिका और हर्षिता ने कांस्य पदक हासिल किए। गर्विता की इस सफलता से बीकानेर में खेल जगत में खुशी का माहौल है। वह इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनकी सफलता में वरिष्ठ बॉक्सिंग कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ का मार्गदर्शन और नियमित प्रशिक्षण महत्वपूर्ण रहा।

गर्विता की उपलब्धि पर ब्लॉसम इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप सिंह शेखावत, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मकबूल हुसैन सोढ़ा, कोच विजेन्द्र रंगा, राजपाल कुल्हरी, दानवीर सिंह भाटी, भैरुरतन ओझा, शीशपाल सिंह शेखावत, सीताराम सियाग, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार व्यास और भूपेंद्र सिंह राठौड़ सहित खेल जगत से जुड़े लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बीकानेर की बेटियां भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

बगड़ी नगर में सबसे ज्यादा 56.70 फीसदी वोटिंगः पिछले चुनावों से सोजत में 5.47% ज्यादा मतदान

थिंक राजस्थान • पाली

पाली जिले में पंचायत चुनाव के पहले चरण में सोजत, मारवाड़ जंक्शन, बगड़ीनगर, रानी और सुमेरपुर पंचायत समितियों के 95 वार्डों और जिला परिषद के 18 वार्डों के लिए मतदान हुआ। बगड़ी नगर में सबसे ज्यादा 56.70% और रानी स्टेशन में सबसे कम 40.65% मतदान हुआ। पिछले चुनाव के मुकाबले सोजत में मतदान 5.47 प्रतिशत अंक बढ़ा, जबकि रानी स्टेशन में 5.66 और मारवाड़ जंक्शन में 3.34 प्रतिशत अंक की गिरावट दर्ज हुई।

सुमेरपुर में मतदान लगभग पिछले चुनाव के स्तर पर रहा। बगड़ी नगर के मतदान केंद्र संख्या 2 पर EVM में खराबी आने के कारण मतदान करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। मतदान शांतिपूर्ण रहा, लेकिन प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार मतदान प्रतिशत काफी कम रहा। रानी पंचायत के डूठारिया गांव में ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया और प्रशासन की समझाइश के बाद भी मतदान के लिए राजी नहीं हुए। वहीं, केलवाज गांव में फर्जी मतदान करवाने का आरोप लगा। नेपावास में भी ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया, लेकिन बाद में प्रशासन की समझाइश पर वे मतदान के लिए राजी हो गए। अब सभी की नजर 24 अक्टूबर को होने वाले पंच और सरपंच के चुनाव पर है।

बालीः ट्रोले की चपेट में आने से युवक की मौत

थिंक राजस्थान • बाली

दांतीवाड़ा से बाली जा रहे बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की गुरुवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा पुल पर सामने से आ रहे ट्रोले की चपेट में आने से हुआ। मृतक की पहचान दांतीवाड़ा निवासी रोशन पुत्र हंसाराम मेघवाल के रूप में हुई है। युवक किसी काम से बाली जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, रोशन गुरुवार शाम करीब 7 बजे एक अन्य युवक के साथ बाइक पर दांतीवाड़ा से बाली के लिए रवाना हुआ था। बाइक रोशन चला रहा था। दोनों पुल से गुजर रहे थे, तभी सामने से ट्रोला आ गया। बताया जा रहा है कि ट्रोले से बचने के प्रयास के दौरान बाइक उसकी चपेट में आ गई। हादसे में बाइक चला रहे रोशन की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। घटना के बाद दांतीवाड़ा क्षेत्र में शोक का माहौल है।

नवजात का शव किसने फेंका, नहीं लगा सुरागः पुलिस ने खंगाले हॉस्पिटल

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

जैसलमेर शहर के रामगढ़ रोड स्थित आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के बाहर बुधवार सुबह मिले नवजात के क्षत-विक्षत शव के मामले में गुरुवार को दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा। शहर कोतवाली पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है कि नवजात कहां से आया और उसे लावारिस हालत में कौन छोड़कर गया। शहर कोतवाल प्रेमाराम विश्नोई ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पिछले दो दिनों में शहर के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों सहित प्रसूति केंद्रों के रिकॉर्ड खंगाले हैं। जांच में सामने आया कि पिछले 48 घंटों में इन अस्पतालों में कुल 7 बच्चों का जन्म हुआ। राहत की बात यह है कि सभी बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने परिजनों के पास सुरक्षित हैं।

अस्पतालों के रिकॉर्ड में जन्मे सभी 7 बच्चों के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस अब इस आशंका के आधार पर भी जांच कर रही है कि नवजात को किसी बाहरी इलाके, घर में हुए प्रसव या सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र से लाकर यहां फेंका गया हो। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नवजात को वहां कौन छोड़कर गया था और उसे कहां से लाया गया था। पुलिस की अलग-अलग टीमें घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं। साथ ही संदिग्ध तरीके से आवाजाही करने वाले वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि नवजात को वहां फेंकने के समय वह जीवित था या उसकी मृत्यु हो चुकी थी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी का सुराग लगाने की कोशिश की जा रही है।

RIFF में लोक संगीत की धूम: ओपनिंग नाइट सिटी कॉन्सर्ट में गूंजी स्वर लहरियां

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर RIFF फेस्टिवल की ओपनिंग नाइट में लोक संगीत के सुर गूंजे। सिटी कॉन्सर्ट में लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को संगीतमय बना दिया। इस आयोजन में देशी-विदेशी कलाकारों ने हिस्सा लिया और लोक संगीत की विविध रंगत पेश की। गुरुवार को पांच दिवसीय जोधपुर रिफ -2026 का रंगारंग एवं संगीतमय शानदार शुभारंभ हुआ। फेस्टिवल डायरेक्टर दिव्य भाटिया ने बताया कि गुरुवार को जोधपुर रिफ के शुभारंभ के अवसर पर पहले कार्यक्रम की सुबह शुरुआत स्कूली बच्चों के लिए वीर दुर्गादास स्मृति पार्क मसूरिया पहाड़ी पर हुई। कार्यक्रम में राजस्थानी लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी ,कचपुड़ी, युवा लंगा म्यूजिशियन की प्रस्तुति ,राजस्थानी सर्कस,कठपुतली, भपंग, बहरूपिया, गरासिया नृत्य, चरी नृत्य आयोजन से बच्चों की खूब तालियां बटोरी। फेस्टिवल डायरेक्टर दिव्य भाटिया ने बताया कि मेहरानगढ़ की पार्किंग में आयोजित ओपनिंग नाइट सिटी कंसर्ट में रात्रि को पारंपरिक राजस्थानी लोक कलाकारों की स्वर लहरिया गूंजी । लोक कलाकारों ने लोक वाद्य व संगीत प्रस्तुति से शाम को संगीतमय में बना दिया। देशी और विदेशी श्रोताओं की लगातार वाहवाही मिलती रही।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार 23 अक्टूबर को जोधपुर रिफ में दूसरे दिन की शुरुआत जसवंत थड़े पर सुबह की भौर की किरणों के साथ भजनों की प्रस्तुतियों से होगी। सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक भल्लू राम, माला राम मेघवाल, दरिया व केलम मेघवाल कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी । फोर्ट फेस्टिवल में सुबह 9:45 बजे से शाम 5:30 बजे तक महरानगढ़ दुर्ग में कई स्थानों पर राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा परंपरागत लोक कला का प्रदर्शन होगा। जिसमें भगोरिया चरी नृत्य भपंग वादन, बाहरमासिया और युवा लंगा संगीतकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां होगी। सुबह 9:00 बजे रिफ डांस बूट केम्प में चोखेलाल महल में तारिणी त्रिपाठी द्वारा कत्थक की बेहतरीन प्रस्तुति होगी। वही सुबह 11:00 से दोपहर 1:30 तक इन रेजिडेंस में चौकेलाव गार्डन में विनय कुमार के साथ आदिशक्ति थिएटर की सांस एवं भाव कार्यशाला का आयोजन होगा।

वही शाम 5:30 बजे से 7:00 तक चोकेलाल गार्डन में मूव्स एण्ड ग्रूव्स में इनायत - साज सादिक खान आसीन खान जाकिर खान लंगा व कथक नृत्यांगना तारिणी त्रिपाठी, सांय 7 बजे धना भैया की छतरी पर जसनाथ जी का सिद्धा का अग्नि नृत्य,7: 45 बजे से जनाना कोर्टयार्ड में मूडी रिफ्स में महिलाओं की आवाज गंगा व सुंदर एव ट मोहिनी देवी रजवाड़ी मांड गायन, जयपुर अंतरौली घराने की सुमधुर गायिका पद्मश्री अश्विनी भिंडे देशपांडे, टोमें व इनेस की पड्रो डायस प्रस्तुति, चिल्ली की कैमिला सूर्य व सिल्विया रोजी की म्यूजिक बैंड प्रस्तुति, इल्हाम -स्मिता बेलूर सूफी कव्वाली, साज व बुंदू खान लंगा की प्रस्तुतियां होगी। रात्रि में राव जोधा डेजर्ट रॉक पार्क में खुले आसमान के नीचे डेजर्ट लाउंज संगीत कार्यक्रम में राजस्थानी लोक कलाकार इदु खान लंगा, मीर बसु खान व अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियां , अंतिम कार्यक्रम मध्य रात्रि में सलीम कोट में क्लब मेहरान में इसाम एलियास के साथ एफ्रो - ओरिएंटल धुनों की बेहतरीन प्रस्तुतियां होगी।

ब्रीफ न्यूज

झुंझुनूं में खाई में गिरी अनकंट्रोल कार: चूरू के दो युवक घायल

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

मंड्रेला-झुंझुनूं रोड पर नालवा गांव के पास गुरुवार शाम एक कार अनकंट्रोल होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार चूरू जिले के दो युवकों को मामूली चोटें आईं। आसपास के लोगों ने दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला। घायलों को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, कार मंड्रेला से झुंझुनूं की ओर जा रही थी। इसी दौरान नालवा गांव के पास रोड वाले बालाजी मंदिर के समीप कार अचानक असंतुलित हो गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने कार में सवार दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला और उनकी मदद की। समय पर सहायता मिलने से दोनों युवकों को उपचार मिल सका। मंड्रेला से नालवा गांव तक सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है। गड्ढों के चलते वाहन चलाते समय संतुलन बिगड़ने और दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता है।

60 की उम्र पार, फिर भी क्रिकेट का जुनून: दुबई और ओमान के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

थिंक राजस्थान • बीकानेर

60 साल से ज्यादा उम्र होने के बावजूद क्रिकेट के प्रति जुनून कम नहीं हुआ है। वरिष्ठ खिलाड़ी मैदान पर उतरकर अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। खिलाड़ियों के इसी जज्बे से प्रभावित होकर महापौर अनिल कल्ला ने भी उनकी सराहना की। गुरुवार को पॉलिश्ड बाउंड्री क्रिकेट क्लब की ओर से ओवर सिक्सटी क्रिकेट प्रीमियर कप-2026 के दूसरे संस्करण की शुरुआत हुई। चार दिवसीय यह प्रतियोगिता 26 अक्टूबर तक चलेगी। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि बीकानेर नगर निगम के महापौर अनिल कल्ला ने कहा - उम्र के इस पड़ाव पर भी अपने शौक और हुनर को जीवंत रखना जिंदादिली का उदाहरण है। राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास और बीएसएफ के डीआईजी अजय लूथरा ने भी वरिष्ठ खिलाड़ियों के जज्बे को प्रेरणादायक बताया। आयोजक सुनील जोशी के अनुसार, प्रतियोगिता में देश के विभिन्न शहरों के साथ दुबई और ओमान के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें वेस्टर्न वॉरियर्स, महाराष्ट्रा वॉरियर्स, सेंट्रल सुपर स्ट्राइकर्स और पॉलिश्ड बाउंड्रीज इलेवन की टीमें खेलेंगी। मुकाबले रेलवे ग्राउंड और सादुल क्लब ग्राउंड पर होंगे।

बीकानेर: चक्कर खाकर गिरी महिला: रुणिया में सबसे ज्यादा 74 प्रतिशत मतदान

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर में पंचायती राज आम चुनाव-2026 के पहले चरण का मतदान गुरुवार शाम 6 बजे खत्म हुआ। पूगल, छत्तरगढ़, खाजूवाला और रुणिया पंचायत समिति क्षेत्रों में जिला परिषद के 8 और पंचायत समिति के 60 सदस्यों के लिए वोट डाले गए। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ था। नई पंचायत समिति रुणिया में करीब 75 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि खाजूवाला में 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदाताओं ने वोट दिए। चुनाव के लिए 319 मतदान केंद्रों पर 319 मतदान दल तैनात किए गए थे। वहीं, 112 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच चुनाव के तहत 23 अक्टूबर को नामांकन, 24 अक्टूबर को मतदान और मतगणना होगी। इसके बाद 25 अक्टूबर को उप सरपंच का चुनाव कराया जाएगा। बीकानेर में जिला परिषद् की आठ सीटों के लिए 71.18 प्रतिशत मतदान हुआ।

शादी में हर्ष फायरिंग; विदेशी युवक ने विंटेज गाड़ी में खड़े होकर किया फायर

सीकर की घटना: वीडियो के आधार पर जांच कर रही पुलिस

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर में हर्ष फायरिंग से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में विंटेज गाड़ी में खड़े होकर एक युवक हर्ष फायरिंग करते हुए नजर आ रहा है। अब इस वीडियो के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। वायरल वीडियो सीकर के नेछवा थाना इलाके में मंगलूणा गांव का बताया जा रहा है। जहां पर एक बारात में विंटेज गाड़ी में सवार युवक के द्वारा हवा में फायरिंग की जा रही है। फायरिंग करने वाला युवक विदेश का है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक सऊदी अरब का रहने वाला है। गांव में शादी थी जिसमें ये युवक आया था।

मामले में नेछवा थाना SHO रमेश चंद मीणा का कहना है कि हर्ष फायरिंग से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसके संबंध में अभी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार- गांव के मूल निवासी खुशी मोहम्मद की बारात थी। खुशी मोहम्मद का भाई विदेश में कारोबार करता है। ऐसे में उसकी युवक से दोस्ती थी और युवक यहां शादी में आया था।

पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ आरोपी को पकड़ा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ के तहत कमिश्नरेट स्पेशल टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस आयुक्त अंशुमान भोमिया और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात शहीन सी के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए सीएसटी टीम ने एक अवैध पिस्टल बरामद की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूछताछ जारी है। कमिश्नरेट स्पेशल टीम के प्रभारी एसआई मेहराज तंवर के नेतृत्व में टीम को अवैध हथियारों की तस्करी और मूवमेंट को लेकर गोपनीय सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर चिराग सिंह (23) पुत्र हुक्म सिंह, निवासी सेक्टर-3, थाना कुड़ी भगतासनी, जोधपुर को हिरासत में लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी चिराग सिंह की निशानदेही पर विवेक विहार आवासीय योजना के पास डामर रोड के निकट झाड़ियों में छिपाकर रखी गई एक अवैध पिस्टल को बरामद किया गया। बरामद किए गए अवैध हथियार की खरीद फरोख्त और इसके संभावित खरीदारों के बारे में पता लगाने के लिए पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसके लिए आरोपी को विवेक विहार थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया है।

14 लाख की साइबर ठगी, म्यूल अकाउंट से जुड़ा आरोपी पकड़ा

झांसे में लेकर खुलवाते थे बैंक खाते; दो आरोपी पहले पकड़े जा चुके

थिंक राजस्थान • अजमेर

साइबर ठगी की रकम को फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कर निकालने के मामले में अजमेर की सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। 'म्यूल हंट' अभियान के तहत हुई कार्रवाई में पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि ठगी की रकम के लेन-देन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अजमेर निवासी सबरे आलम पुत्र मोहम्मद आलम को गिरफ्तार किया गया है। साइबर सेल से मिली सूची के आधार पर एएसआई चांद सिंह ने 5 अप्रैल को प्रकरण दर्ज किया था। मामला उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निवासी रोहिताश कुमार से करीब 14 लाख रुपए की साइबर ठगी से जुड़ा है। ठगी की रकम म्यूल बैंक खातों में ट्रांसफर करवाई गई थी। पुलिस के अनुसार- म्यूल अकाउंट के जरिए साइबर ठगी की रकम को इधर-उधर किया जाता था। गिरोह के लोग सीधे-सादे लोगों को झांसे में लेकर उनके आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के आधार पर बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों में साइबर ठगी से मिली रकम जमा करवाई जाती और बाद में नकदी निकाल ली जाती थी।

काउंसलिंग के बाद फिर साथ रहने को राजी दंपती

थिंक राजस्थान • सादुलपुर

पारिवारिक विवादों में टूटते रिश्तों को जोड़ने के लिए चूरू पुलिस और महिला अधिकारिता विभाग की संयुक्त पहल सकारात्मक परिणाम दे रही है। परिवारों की काउंसलिंग कर आपसी मनमुटाव दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। राजगढ़ थाना क्षेत्र में प्रियंका और उनके पति सुनील के बीच विवाद के चलते प्रियंका अपने पिता के घर रहने लगी थी। दहेज प्रताड़ना संबंधी परिवाद पर महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की काउंसलर नीलम व कलावती के सहयोग से एएसआई धूप सिंह ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाई। समझाइश के बाद राजीनामा हुआ और प्रियंका ने अपने बच्चे के साथ नए सिरे से पारिवारिक जीवन शुरू किया। थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में चल रही इस पहल में इसी माह दहेज प्रताड़ना के पांच परिवादों का आपसी समझौते से निस्तारण किया गया।

भाजपा प्रत्याशी ने बीएपी प्रदेशाध्यक्ष पर लगाया धमकाने का आरोप

थिंक राजस्थान • आसपुर

जिला परिषद बनकोड़ा वार्ड 33 से भाजपा प्रत्याशी अनु राठौड़ ने भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह पर फोन पर धमकी देने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। अनु के अनुसार, दिग्विजय ने अपने पिता के फोन को लाउडस्पीकर पर रखवाकर उनके सामने कथित तौर पर धमकी दी। मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। वहीं, दिग्विजय सिंह ने इन आरोपों को झूठा बताया है।

अनु राठौड़ के मुताबिक, वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार के लिए करेलिया कस्बे में गई थीं। वहां एक शिव मंदिर में बैठक चल रही थी, जिसमें भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में

दिग्विजय सिंह के पिता भी शामिल थे। इसी दौरान दिग्विजय सिंह का फोन उनके पिता के पास आया। अनु का आरोप है कि दिग्विजय ने अपने पिता से फोन लाउडस्पीकर पर रखने को कहा। इसके बाद उन्होंने फोन पर अनु को धमकी दी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

कॉल रिकॉर्ड करने की कोशिश पर जताई आपत्ति

अनु राठौड़ ने बताया कि जब उन्होंने फोन कॉल रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो दिग्विजय सिंह के पिता ने ऐसा करने से मना कर दिया। करेलिया दिग्विजय सिंह का पैतृक गांव है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है।

दूसरी ओर, BAP प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने अनु राठौड़ की ओर से लगाए गए आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि वह चुनाव में व्यस्त हैं। वहीं, अनु राठौड़ का कहना है कि फोन पर उनसे व्यक्तिगत रूप से घूंघट और महिला होने को लेकर भी बातें कही गईं। उन्होंने बताया कि वह इस मामले में आज पुलिस अधीक्षक (SP) को रिपोर्ट दे रही हैं। अब पुलिस में शिकायत दिए जाने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई पर नजर रहेगी।

उदयपुर: निगम बोर्ड बनने के एक माह में विधायक-मेयर आमने-सामने

थिंक राजस्थान • उदयपुर

उदयपुर में नगर निगम का नया भाजपा बोर्ड बनने के करीब एक महीने बाद ही पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी सबके सामने आ गई है। यह विवाद शोभागपुरा और यूनिवर्सिटी रोड के बीच बने एक चौराहे पर नए टावर के नामकरण और उसके लोकार्पण को लेकर है। इस मामले में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और महापौर पारस सिंघवी आमने-सामने हो गए हैं। दो दिन तक चली बयानबाजी के बाद अब नाराज शहर विधायक जैन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर पूरे मामले की शिकायत की है। विधायक ताराचंद जैन का कहना है कि यह चौराहा उनके शहरी क्षेत्र में आता है और विकास कार्य उनके प्रयासों से हुए। फिर भी उन्हें बुलाए बिना और बिना अनुमति के उद्घाटन कर दिया गया।

वहीं मेयर पारस सिंघवी का कहना है कि उन्हें खुद आखिरी समय पर कार्यक्रम की जानकारी मिली थी और वे सहज भाव से वहां चले गए, उनके मन में किसी को दरकिनार करने की मंशा नहीं थी। उधर, इस पूरे विवाद के पीछे ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा की भी भूमिका भी अहम मानी जा रही है, लेकिन हमेशा की तरह उन्होंने इस बार भी मामले पर चुप्पी साध रखी है। दरअसल, बीते रविवार (18 अक्टूबर) की शाम को महापौर पारस सिंघवी और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने इस चौराहे पर बने टावर का उद्घाटन कर दिया। इस कार्यक्रम की शहर विधायक ताराचंद जैन को कोई सूचना नहीं दी गई। विवाद की सबसे

बड़ी वजह टावर का नाम है। जिस चौराहे और टावर का नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के नाम पर तय होने का दावा किया जा रहा था, उसका लोकार्पण आर्किटेक्ट्स टावर के नाम से कर दिया गया। अपने ही क्षेत्र में खुद को दरकिनार किए जाने से विधायक जैन नाराज हैं।

शहर विधायक ताराचंद जैन ने 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि शोभागपुरा चौराहा शहर का सबसे व्यस्त चौराहा है। उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) के जरिए उनके क्षेत्र में 50 से 60 काम पूरे किए गए हैं और 31 मार्च तक इन चौराहों का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक ने पत्र में 5 प्रमुख बिंदु उठाए हैं। इस चौराहे का नाम परम पूज्य गोलवलकर चौराहा मार्ग रखने और आदमकद प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव 11 दिसंबर 2017 को नगर निगम की कमेटी ने पास किया था। वहीं 5 जून 2018 को ठाकुर अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान की मांग पर यूडीए की बैठक में इसका नाम विख्यात प्रधानमंत्री ठाकुर अमरचंद बड़वा के नाम पर करने का निर्णय हुआ था। 18 अक्टूबर को उनकी गैर-मौजूदगी में महापौर और ग्रामीण विधायक ने आनन-फानन में इसका उद्घाटन कर दिया। इस दौरान न तो यूडीए के अधिकारी मौजूद थे और न ही पार्टी के लोग। वर्तमान में संघ शताब्दी वर्ष चल रहा है, ऐसे में शहरवासियों की मांग है कि इस चौराहे का नाम डॉ. हेडगेवार, गुरु गोलवलकर, भारत माता या ठाकुर अमरचंद बड़वा में से किसी एक के नाम पर रखा जाए। विधायक ने सवाल उठाया कि चौराहे के रख-रखाव के लिए दी गई आर्किटेक्ट कमेटी को न तो इसका मालिकाना हक दिया गया है और न ही लीज पर दिया गया है। क्या उद्घाटन के लिए यूडीए से अनुमति ली गई थी? यदि स्वीकृति नहीं ली गई तो उचित कार्रवाई की जाए। इस चौराहे को शहर विधानसभा में नहीं होना बताया जा रहा है, जबकि यह 99 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में है। केवल पूर्व दिशा में 3 फुट 3 नाली हिस्सा ग्रामीण विधानसभा की भुवाणा सीमा में आता है।

विधायक ने लिखा कि एक सप्ताह पहले ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां लगे हल्के पत्थरों को हटाने के निर्देश यूडीए के इंजीनियर को दिए थे। अभी चौराहे का काम भी अधूरा है।

ब्राइडल लुक

नवरात्रि,दशहरा और दीपावली के बाद जल्द ही वैवाहिक मुहूर्त शुरू हो जाएंगे, इसलिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। तस्वीर में नजर आ रही मॉडल श्योमा सेन ने एक पारंपरिक भारतीय दुल्हन के रूप में बेहद खूबसूरत ब्राइडल लुक कैरी किया है। इस डिजाइनर लहंगे की मुख्य खासियत इसका चमकीला मैजेंटा यानी गुलाबी रंग और उस पर की गई बारीक सुनहरी जरी, गोटा-पत्ती तथा पारंपरिक हाथ की कढ़ाई है। इसके साथ कुंदन के आभूषण और लाल चूड़ा इस पूरे परिधान की शाही सुंदरता और आकर्षण को और अधिक बढ़ा देते हैं।

पैरों की डीप क्लीनिंग का सामान मौजूद है किचन में



अक्सर महिलाए अपन चहर का खूबसूरता का तो पूरा ख्याल रखती हैं, लेकिन पैरों की सफाई पर विशेष ध्यान नहीं देती हैं। इसके चलते पैरों का रंग काला पड़ने लगता है और वे दिखने में बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते। इस समस्या से निजात पाने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फूड्स और नेचुरल इंग्रेडिएंट्स का इस्तेमाल बेहद कारगर माना जाता है। संतरे जैसे खट्टे फलों में भरपूर मात्रा में सिट्रिक एसिड पाया जाता है, जो एक बेहतरीन नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है।

अगर आपके पैरों का रंग भी काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे का ताजा रस निकाल लें। अब रूई की मदद से इस रस को अपने पूरे पैरों पर अच्छी तरह लगाएं। करीब आधे घंटे तक इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार ही पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, आप चाहें तो ऑरेंज पील पाउडर यानी संतरे के छिलके के पाउडर में सादा दही मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट अच्छी तरह सूख जाए, तो करीब 10 मिनट बाद पैरों को साफ पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से पैरों का कालापन दूर होने लगेगा और रंग साफ होने लगेगा।

पार्लर जाकर महंगे पेडीक्योर ट्रीटमेंट कराने के बजाय घर की रसोई में मौजूद चीजों से ही पैरों की देखभाल की जा सकती है। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें बेहद फायदेमंद होती हैं। इसके साथ ही पैरों के लिए 'फुट सोक' करना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर पैरों को उसमें कुछ देर डुबोकर साफ करें। हफ्ते में कम से कम एक बार फुट सोक जरूर करना चाहिए, जिससे जमी हुई डेड स्किन आसानी से रिमूव हो जाती है और पैरों को भी भारी आराम मिलता है। नहाते वक्त केवल चेहरे या हाथों पर ही नहीं, बल्कि पैरों की भी नियमित रूप से अच्छे से सफाई करनी चाहिए।

वॉर्डरोब में शामिल करें साड़ियों के ट्रेंडी डिजाइंस

साड़ी का चलन फैशन की दुनिया में कभी भी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता और इसके कई तरह के खूबसूरत डिजाइन बाजार में आसानी से देखने को मिल जाते हैं। हालांकि, बदलते दौर के साथ आजकल साड़ी ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ चुके हैं, लेकिन एक निश्चित उम्र के बाद महिलाएं साड़ियों को पहनने के लिए चुनिंदा और आरामदायक स्टाइल ही चुनना पसंद करती हैं। दशहरा और दीवाली के बाद करवाचौथ का पावन त्योहार आने वाला है और शादियों का दौर भी शुरू होने वाला है। ऐसे मौकों पर ज्यादातर महिलाएं साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। ऐसे में फेस्टिव सीजन के लिए कुछ चुनिंदा साड़ी डिजाइंस 50 वर्ष की उम्र वाली महिलाओं के लिए बेहद खास हैं, जिन्हें स्टाइल करने के बाद आप अपनी उम्र से काफी कम यानी जवां नजर आ सकती हैं।

पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरह की साड़ियां वजन में बिल्कुल भी भारी नहीं होती हैं, बल्कि बेहद हल्की और आरामदायक होती हैं। इस खूबसूरत साड़ी को विभिन्न डिजाइनरों द्वारा बेहतरीन तरीके से तैयार किया जाता है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको बाजार में लगभग 2000 रुपये तक की किफायती कीमत में आसानी से मिल जाएगी। इस प्रकार की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को पेयर करके अपने लुक को और ज्यादा ग्रेसफुल बना सकती हैं।

क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ियों में आपको बाजार में ढेरों वैरायटी और अलग-अलग विकल्प आसानी से मिल जाएंगे। इस खूबसूरत और रिच लुक वाली साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनूमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक की रेंज में आसानी से मिल जाएगी।

हॉलीवुड

अमेज़न प्राइम की लोकप्रिय एक्शन थ्रिलर सीरीज 'द टर्मिनल लिस्ट' का दूसरा सीजन जल्द होगा

अमेज़न प्राइम वीडियो की बेहद लोकप्रिय और रोमांचक एक्शन थ्रिलर सीरीज 'द टर्मिनल लिस्ट' का दूसरा सीजन रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बहुप्रतीक्षित सीजन के सभी आठ एपिसोड आगामी 21 अक्टूबर को दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में एक साथ प्रसारित किए जाएंगे। पहले सीजन की अपार सफलता के बाद दर्शक लंबे समय से इसके दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे।

यह सीरीज प्रसिद्ध लेखक जैक कार के बेस्ट-सेलिंग उपन्यासों पर आधारित है। इसका दूसरा सीजन जैक कार के दूसरे लोकप्रिय उपन्यास 'ट्रू बिलीवर' पर आधारित होगा। कहानी में नौसेना के विशेष कमांडो जेम्स रीस अपने दुश्मनों का सफाया करने के बाद जीवन में एक नया उद्देश्य तलाशते नजर आएंगे। लेकिन कहानी तब एक नया मोड़ लेती है जब केंद्रीय खुफिया एजेंसी उसे घेर लेती है। जेम्स रीस को अपना नाम साफ करने और एक खतरनाक आतंकवादी संगठन को रोकने के लिए मैदान में उतरना पड़ता है। इस बार यह सीरीज केवल एक मनोवैज्ञानिक रिवेंज थ्रिलर तक सीमित न रहकर एक बड़े अंतरराष्ट्रीय जासूसी महाकाव्य में बदल जाएगी, जो मॉस्को से लेकर लैंग्ली और रीस के परिवार के इतिहास तक फैली होगी। यह सफर हिंद महासागर से शुरू होकर अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप तक पहुंचेगा। मुख्य कलाकारः हॉलीवुड स्टार क्रिस प्रैट एक बार फिर कमांडो जेम्स रीस के रूप में वापसी कर रहे हैं। पहले सीजन के लोकप्रिय चेहरे जैसे टॉम हॉपर, कॉन्स्टेंस वु, डार सलीम और लुक हेम्सवर्थ भी इस सीजन में नजर आएंगे।

टॉलीवुड

श्रीनाथ भासी की नई टाइम-ट्रैवल थ्रिलर फिल्म 'ओरिजिनल' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज



मलयालम सिनेमा के जाने-माने और अपने संजीदा अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता श्रीनाथ भासी एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ओरिजिनल' की आधिकारिक रिलीज डेट सामने आ चुकी है। यह रोमांचक समय-यात्रा थ्रिलर फिल्म इसी महीने 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मलयालम फिल्म उद्योग में पिछले कुछ समय से प्रयोगधर्मिता और अलग विषयों पर फिल्में बनाने का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में 'ओरिजिनल' एक ताजा अवधारणा लेकर आ रही है। यह फिल्म विशुद्ध रूप से समय-यात्रा और रोमांचक थ्रिलर शैली पर आधारित है, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है। समय-यात्रा जैसे जटिल और रोमांचक विषय पर बनी इस फिल्म से दर्शकों और समीक्षकों को काफी उम्मीदें हैं। फिल्म में श्रीनाथ भासी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो अपनी बेहतरीन अदायगी के लिए जाने जाते हैं। उनके अलावा फिल्म में कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्माताओं ने इसके टीज़र और पोस्टर्स के जरिए पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता पैदा कर दी है।

मेकअप के दौरान बार-बार फैल जाती है लिपस्टिक तो ऐसे करें ठीक

मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन आज भी हम में से ज्यादातर महिलाएं चेहरे के मेकअप के बाद लिपस्टिक लगाना सबसे अहम मानती हैं। लिपस्टिक भी बाजार में कई अलग-अलग टेक्सचर में मिलती है और इन्हें लगाने का तरीका भी एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न हो सकता है। यदि मेकअप लुक कम्प्लीट होने के बाद आपके होंठों के आस-पास लगी हुई लिपस्टिक गलती से फैल जाती है, तो आप एक पतले लिप ब्रश की सहायता से मैचिंग कंसीलर लेकर इसे आसानी से ठीक कर सकती हैं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कंसीलर का रंग आपकी स्किन टोन के बिल्कुल हिसाब से होना चाहिए और इसके लिए हमेशा किसी लाइटवेट कंसीलर का ही इस्तेमाल करें। इसके बाद लिक्विड कंसीलर को हल्के ट्रांसलूसेंट पाउडर की मदद से सेट कर दें, ताकि आपका यह करेक्टिव लुक पूरी तरह से ट्रांसफर-प्रूफ हो जाए। कोशिश करें कि आप कंसीलर की सहायता कम से कम ही लें, ताकि चेहरे पर मेकअप प्रोडक्ट्स की लेयर्स कम से कम दिखाई दें। लिपस्टिक लगाते समय होंठों को एक परफेक्ट और शार्प लुक देने के लिए हमेशा अच्छी क्वालिटी के लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। एक बेहतरीन लुक पाने के लिए हमेशा अपनी स्किन टोन और आउटफिट के कलर कंट्रास्ट को ध्यान में रखकर ही लिपस्टिक का शेड चुनें। अगर आपने आंखों का मेकअप बहुत बोल्ड किया है, तो लिप शेड के लिए हमेशा न्यूड या हल्के रंगों का ही चुनाव करें। होंठों को बड़ा दिखाने के चक्कर में कभी भी अपने नेचुरल लिप शेप के बाहर जाकर लिप लाइनर का इस्तेमाल न करें।

ऑफिस की पार्टी में दिखना है सबसे खूबसूरत तो ट्राई करें ट्रेंडी आई मेकअप टिप्स

ऑफिस में अलग-अलग अवसरों पर होने वाली पार्टियों का इंतजार हर स्टाफ को रहता है। किसी को पार्टी में गेम्स खेलना और डांस करना पसंद होता है, तो किसी को अपने फैशन और स्टाइल का जलवा बिखेरना भाता है। आजकल हर कोई नए फैशन ट्रेंड के हिसाब से खुद को तैयार करना पसंद करता है। इसके लिए कई महिलाएं अपने आउटफिट के साथ-साथ आई मेकअप पर भी विशेष ध्यान देती हैं, क्योंकि इससे उनका पूरा लुक परफेक्ट बनता है और वे भीड़ में सबसे खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसे में आप इस बार ऑफिस की दिवाली पार्टी में इन आसान टिप्स की मदद से बेहतरीन आई मेकअप ट्राई कर सकती हैं, जिसे क्रिएट करने के बाद आपका पूरा लुक ही बदल जाएगा।

आई मेकअप की शुरुआत करते समय सबसे पहले आंखों पर अच्छी क्वालिटी के प्राइमर का इस्तेमाल जरूर करें। इसके लिए प्राइमर की थोड़ी सी मात्रा आईलिड पर लगाएं और फिर ब्लेंडर की मदद से इसे अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इसे लगाना इसलिए जरूरी है ताकि आपकी आंखों का मेकअप बिना फैले लंबे समय तक टिका रहे। इसके बाद आप अपनी ड्रेस के कलर और पैटर्न के हिसाब से आईशैडो का शेड चुनें। कोशिश करें कि ऑफिस पार्टी के लिए लुक को थोड़ा डिसेंट और सिंपल ही रखें, क्योंकि ऑफिस पार्टी में न्यूड और सटल कलर आई मेकअप ज्यादा एलिगेंट लगते हैं। इसके लिए आप वॉर्म कॉपर, सॉफ्ट ब्राउन जैसे न्यूट्रल कलर्स चुन सकती हैं और फिर इन्हें अच्छी तरह ब्लेंड कर सकती हैं। आईशैडो के बाद आंखों पर आकर्षक आईलाइनर लगाएं। इसके लिए आप पेंसिल, जेल या फिर लिक्विड किसी भी तरह के आईलाइनर का उपयोग कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

आराम और सादगी बन रही है आधुनिक पुरुष की पहचान, भारतीय पहनावे में छाए नए ट्रेंड्स

मेन्स फैशन में भारतीय पुरुषों का बदलता अंदाज, टाइट कपड़ों को अलविदा कह कर अपना रहे हैं 'रिलैक्स्ड फिट' का दौर

भारतीय पुरुषों के पहनावे और लाइफस्टाइल में पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब भारतीय पुरुषों के लिए फैशन का मतलब केवल तड़क-भड़क या पारंपरिक फॉर्मल कपड़े पहनना नहीं रह गया है, बल्कि यह आराम, सादगी और स्मार्ट लुक का एक बेहतरीन मेल बन चुका है। चाहे युवा हों या कामकाजी पेशेवर, हर कोई ऐसे कपड़ों को अपनी पहली प्राथमिकता दे रहा है जो पहनने में बेहद आरामदायक हों और देखने में क्लासी व शालीन लगें। मेन्स फैशन के इन्हीं नए और लोकप्रिय ट्रेंड्स ने इन दिनों भारतीय पुरुषों की अलमारी में अपनी खास जगह बना ली है।



फिटिंग में बड़ा बदलाव

सालों तक बाजारों और फैशन जगत में स्लिम-फिट कपड़ों का एकछत्र राज रहने के बाद अब भारतीय बाजार में रिलैक्स्ड और ओवरसाइज्ड फिटिंग ने पूरी तरह से कब्जा जमा लिया है। शरीर पर पूरी तरह चिपके रहने वाले तंग कपड़ों की जगह अब युवा ढीले और हवादार बॉक्स फिट कपड़ों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जींस और ट्राउजर के मामले में भी अब स्ट्रेट-कट और वाइड-लेग पैंट्स का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है, जो कैजुअल वियर के साथ-साथ एक बेहद मॉडर्न और आकर्षक स्ट्रीट-वियर लुक प्रदान करते हैं।

फैब्रिक का नया विकल्प

भारतीय मौसम की भौगोलिक स्थिति और उमस भरी गर्मी को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए अब कपड़ों के फैब्रिक्स के चुनाव पर बहुत बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है। पहले जहां लिनेन को केवल गर्मियों के मौसम का कपड़ा माना जाता था, वहीं अब लिनेन की शर्ट्स और ट्राउजर साल के बारह महीने पसंद किए जा रहे हैं। थोड़े से सलवटों वाला यह लिनेन लुक अब अधिक नैचुरल, कूल और स्टाइलिश माना जाने लगा है। इसके अलावा, हवादार और हल्के सूती कपड़ों यानी ब्रीदबल कॉटन को फॉर्मल और कैजुअल दोनों ही सेगमेंट में सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है।

रंगों का नया जादू

रंगों के मामले में भी भारतीय पुरुष अब लाउड और भड़कीले रंगों से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं। बटर येलो, मिंट ग्रीन, लैवेंडर, पीच, पाउडर ब्लू और सेज ग्रीन जैसे हल्के और आंखों को सुकून देने वाले पेस्टल शेड्स आज के युवाओं की पहली पसंद बन चुके हैं। इसके साथ ही मड ब्राउन, टेराकोटा, ऑलिव ग्रीन, सैंड और ऑफ-व्हाइट जैसे न्यूट्रल और अर्थी शेड्स को फॉर्मल और कैजुअल दोनों तरह के पहनावे में खूब अपनाया जा रहा है। ये रंग धूप में ज्यादा गर्म महसूस नहीं होने देते और पहनने वाले को एक परिपक्व, क्लासी और डिसेंट लुक देते हैं।

भोजपुरी

अभिनेत्री मोनालिसा ने दिया संदेशः आप अपनी सोच से कहीं अधिक मजबूत हैं

शारदीय नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में पूरी तरह लीन रहे। इन दिनों में गरबा भी खूब खेला गया। मनोरंजन जगत में भी इन पावन दिनों में खूब रौनक देखी गई। इसी बीच भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा ने दशहरे की बधाईयां देते हुए अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

मोनालिसा ने इंटरनेट पर एक पोस्ट साझा करते हुए अपनी कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा साड़ी पहने हुए पारंपरिक परिधान में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने भारी आभूषण भी पहने हुए हैं।

तस्वीरों के साथ मोनालिसा ने अपने चाहने वालों को एक खास संदेश भी दिया है। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा है, ₹नवरात्रि के इन नौ दिनों में एक जरूरी बात जो हमेशा याद रखनी चाहिए, वह यह कि आप जिस दौर और समय से गुजर रहे हैं, उससे कहीं अधिक मजबूत हैं₹। गुलाबी और हरे रंग की साड़ी में मोनालिसा हंसती-मुस्कुराती हुई पोज देती नजर आ रही हैं। वे अपना मेकअप भी फ्लॉन्ट कर रही हैं। अभिनेत्री के इस पारंपरिक लिबास की उनके प्रशंसक जमकर तारीफ कर रहे हैं।

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में मोदी ने कहा कि ईयू के साथ व्यापार समझौते ने इन अवसरों को और व्यापक बना दिया है

पीएम मोदी से मिले पोलैंड के पीएम टस्क

द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर तक व्यापार बढ़ाने का लक्ष्य, कई क्षेत्रों में करेंगे 'सहयोग'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों की समीक्षा की और व्यापार, रक्षा, तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की।

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत-पोलैंड साझेदारी के लिए नए अवसर बढ़े हैं।

- **रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग आगे बढ़ाएंगे**
- **पोलैंड की कंपनियां उत्पादन और विकास में मदद करेंगी**

पोलैंड पीएम डोनाल्ड टस्क और पीएम मोदी

दोनों देशों के बीच मानवता आधारित मित्रता

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड की मित्रता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता और संवेदना की साझी विरासत पर आधारित है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जामनगर और कोल्हापुर के राज परिवारों ने पोलैंड के हजारों बच्चों और परिवारों को भारत में आश्रय दिया था।

रणनीतिक साझेदारी को मिली नई गति

पीएम मोदी ने डोनाल्ड टस्क का स्वागत करते हुए 2024 में अपनी पोलैंड यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। इसके बाद पिछले दो वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिली है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत पोलैंड की कंपनियों को कई क्षेत्रों में सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि उन्नत प्रौद्योगिकियों और रणनीतिक क्षेत्रों में साझेदारी दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आ सकती है।

पीएम मोदी को दोस्त कहने पर गर्व: टस्क

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त कहने पर गर्व है। भारत और पोलैंड के बीच हितों का कोई टकराव नहीं है। हम अपनी दोस्ती को भरोसे, साझा मूल्यों और अहिंसा के विचार पर गढ़ रहे हैं।

राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी से मुलाकात से पहले डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार सुबह राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राष्ट्रपिता की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को गहरा करेंगे

संयुक्त प्रेस वार्ता से पहले मोदी और टस्क ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इसमें भारत-पोलैंड संबंधों की समीक्षा की गई और व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में और और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितताओं और बदलावों के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में भी भारत और पोलैंड दोनों विकास, प्रौद्योगिकी और नवाचार के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं।

खबर संक्षेप

ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 100वें स्थान पर

नई दिल्ली। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के तहत 122 देशों का सर्वे किया गया, जिसमें भारत 100वें और पाकिस्तान 106वें स्थान पर रहा। यह इंडेक्स हर छह साल में एक बार जारी किया जाता है। इस इंडेक्स को जर्मन सहायता एजेंसी 'वेल्थहंगरहिल्फे' और आयरिश संगठन 'कंसर्न वर्ल्डवाइड' ने मिलकर जारी किया है। इसमें 'इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल लॉ ऑफ पीस एंड आर्म्ड कॉनफ्लिक्ट' और स्विस संगठन 'हेल्वेटास' जैसी सहयोगी संस्थाएं भी शामिल हैं। भारत 100वें स्थान पर है, जहाँ 9.8 प्रतिशत आबादी कुपोषित है।

आज अजरबैजान की यात्रा पर रहेंगे विदेश मंत्री

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शुक्रवार (23 अक्टूबर) को अजरबैजान के एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनकी अपने समकक्ष और अजरबैजान के विदेश मंत्री के साथ एक अहम द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों पक्ष भारत, अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। मालूम हो कि पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के बाद की जा रही विदेश मंत्री जयशंकर की अजरबैजान की यह एक अहम यात्रा है।

सऊदी अरब के एयरपोर्ट और तेल ठिकाने पर हूती विद्रोहियों का बड़ा हमला

1 भारतीय समेत 3 की मौत, 10 घायल, विदेश मंत्रालय बोला- हमें निशाना बनाना अस्वीकार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब में बुधवार देर रात एक एयरपोर्ट और एक तेल ठिकाने पर हुए हमलों में एक भारतीय समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। इसमें 3 भारतीय भी हैं। दम्माम शहर के किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमले में एक भारतीय की मौत हुई। वहीं दो भारतीयों समेत 8 लोग घायल हुए। वहीं, अरामको के शैबा तेल ठिकाने पर ड्रोन हमले में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की जान गई। यहां एक भारतीय समेत 2 लोग घायल हुए।

सऊदी अरब के दमाम एयरपोर्ट पर हमले के बाद आसमान में धुएं का गुबार उठता नजर आया। सऊदी अरब के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने गुरुवार को एयरपोर्ट पर हमले की जानकारी दी। इसमें एयरपोर्ट को भी नुकसान पहुंचा है। दम्माम, फारस की खाड़ी के तट पर स्थित है। यह बहरीन और कतर के करीब है। दुनियाभर की उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा है। इसके अलावा सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बताया कि उसने देश के पूर्वी इलाके में चार ड्रोन हमलों को नाकाम किया है। इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं।

> इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई है और 370 घायल हुए हैं

हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा

सऊदी अरब ने पूर्वी इलाके में 4 ड्रोन हमलों को रोका

सऊदी के दम्माम एयरपोर्ट पर हूती विद्रोहियों का हमला

अमेरिका ने कर्मचारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया

अमेरिका ने सऊदी अरब में मौजूद अपने सरकारी कर्मचारियों (जो आपातकालीन सेवाओं से नहीं जुड़े हैं) और उनके परिवार के सदस्यों को वहां से वापस लौटने का आदेश दिया है। यह कदम नागरिक हवाई अड्डों और अन्य बुनियादी ढांचे पर हूती विद्रोहियों के बढ़ते हमलों को देखते हुए उठाया गया है। इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि ये हमले और फैल सकते हैं। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने इस आदेश की पुष्टि की है।

सऊदी से लौटे 13 हजार भारतीय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले सप्ताह उमरा के लिए सऊदी गए 3 हजार तीर्थयात्रियों ने खाड़ी देश में मौजूद हवाई उड़ानों की मदद से सुरक्षित ढंग से देश वापसी की है। इसके पहले में 10 हजार लोग भारत लौट चुके हैं। बचे हुए यात्रियों की जल्द वतन वापसी की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। रियाद, जेद्दा में मौजूद भारत के दूतावास विमानन कंपनियों के संपर्क में हैं।

प्रभावितों के प्रति जताई संवेदनाएं, मदद का भरोसा

विदेश मंत्रालय ने की कड़ी निंदा

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम 21 अक्तूबर को सऊदी अरब में नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए लगातार हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। इन हमलों में नागरिकों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। भारत ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने कहा कि रियाद स्थित भारतीय दूतावास सऊदी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। मंत्रालय ने दोहराया कि नागरिकों और अहम बुनियादी ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत बंद होना चाहिए। हम सऊदी अरब की संप्रभुता की रक्षा करने में वहां के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। हमें उम्मीद है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल होगी।

दूतावास से बनाया विशेष कंट्रोल रूम

सऊदी अरब में भारत के दूतावासों ने 24 घंटे काम करने वाले कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। जिसमें रियाद के लिए मोबाइल नंबर +966-554412016, +966-542126784 (व्हाट्सएप संदेश के लिए +966-542126784) और जेद्दा के लिए मोबाइल नंबर +966-12-2614093, +966-556122301 (व्हाट्सएप नंबर-+966-536209704) शामिल हैं। भारतीय दूतावास ने अपील की है कि वो अत्यधिक सतर्कता बनाए रखें और स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे सभी दिशानिर्देशों पर न केवल नजर बनाए रखें। बल्कि उनका सख्ती से पालन करें। हर हाल में अपने घरों के अंदर ही रहें।

होर्मुज स्ट्रेट में टली बड़ी घटना

21 भारतीय नाविकों वाले तेल टैंकर पर हमला, सभी सुरक्षित

तेल टैंकर एम/टी अल दसमा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे एक तेल टैंकर पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ है। इस टैंकर पर 21 भारतीय नाविक सवार थे। हालांकि, राहत की बात है कि सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस बारे में जानकारी दी है। यह घटना स्थानीय समय के अनुसार बुधवार को हुई।

कुवैत के झंडे वाला तेल टैंकर एम/टी अल दसमा जब होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि 21 अक्टूबर को कुवैत के झंडे वाले तेल टैंकर एम/टी अल दसमा पर, जिसमें 21 भारतीय नाविक थे, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। हमारे सभी 21 भारतीय चालक दल के सदस्य बाकी क्रू के साथ पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

हमले के बाद टैंकर में लगी आग

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इस हमले को ट्रैक किया। उनके अनुसार हमला ओमान के बुखा से 11 नॉटिकल मील पश्चिम में हुआ। हमले के बाद जहाज पर आग लग गई थी, जिसे बाद में बुझा दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैंकर अभी भी वहीं रुका हुआ है और सभी चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। यह हमला खाड़ी क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों से जुड़ी घटनाओं की श्रृंखला के बीच हुआ है। इससे पहले 16 अक्टूबर को भी होर्मुज स्ट्रेट में ही कच्चे तेल के टैंकर एमटी एसटी3 पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ था। उस टैंकर पर 15 भारतीय नाविक सवार थे। उस घटना में भी सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित थे और किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी। भारत ने वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों की कई बार निंदा की है।

14 भारतीय को ले जा रहे जहाज पर हमला

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि सऊदी अरब ने 14 भारतीय नागरिकों को ले जा रहे एक जहाज पर हमला किया। यह अटैक लाल सागर में जुकर द्वीप के पास हुआ। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि यमन की सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया। हूती विद्रोहियों ने इस कार्रवाई को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इससे लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही को खतरा हो सकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सऊदी अरब की ऐसी कार्रवाइयों को रोकने की अपील की। सऊदी अरब की ओर से इस आरोप पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, यमन के रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाकों में उनके समर्थन में आयोजित रैलियों को वैध सैन्य निशाना माना जा सकता है।

सेंट पीटर्सबर्ग में चली 3 घंटे तक बातचीत

यूएस और यूक्रेन के साथ त्रिपक्षीय शांति वार्ता को तैयार हुआ क्रेमलिन

एजेंसी ▶▶ मास्को

मास्को पहुंचे अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सेंट पीटर्सबर्ग में तीन घंटे लंबी बातचीत हुई। क्रेमलिन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि रूस ने त्रिपक्षीय शांति वार्ता के लिए सहमति जता दी है और इसका आयोजन नवंबर के शुरुआत में हो सकता है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बैठक लगभग तीन घंटे तक चली, जो काफी विस्तृत और स्पष्ट थी। पुतिन और विटकॉफ ने रूस, अमेरिका और यूक्रेन के बीच बातचीत फिर से शुरू करने के विकल्पों पर चर्चा की।

स्टीव विटकॉफ और व्लादिमीर पुतिन

पुतिन और विटकॉफ के बीच यह नौवीं बैठक

उशाकोव ने आगे बताया कि रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिकी दूत को सूचित किया कि मास्को नवंबर की शुरुआत में त्रिपक्षीय बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन और विटकॉफ के बीच यह नौवीं बैठक थी, जो रूस और अमेरिका के राष्ट्रपतियों के बीच होने वाली नियमित फोन बातचीत के अलावा एक उपयोगी कदम है। यह एक पूर्व-नियोजित बैठक थी, जिस पर कई दिन पहले ही सहमति बन गई थी। अमेरिकी वार्ताकार जेरेड कुशनर बीमारी के कारण वीडियो लिंक के जरिए जुड़े। **जेलेंस्की को बंद कमरे में फटकार लगाई:** नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में मंगलवार को बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान ट्रंप के प्रतिनिधियों स्टीव विटकॉफ (मिडिल ईस्ट में विशेष दूत) और जेरेड कुशनर (ट्रंप के दामाद) ने जेलेंस्की को फटकार लगाई। दोनों ने जब जेलेंस्की से कहा कि ट्रंप के खिलाफ उनके बयानों ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नाराज कर दिया है।

कई सॉफ्टवेयर में मिलीं गंभीर खामियां

24 घंटों में हुए बहुत से साइबर अटैक, दुनिया में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेट की दुनिया में पिछले 24 घंटे काफी हलचल भरे रहे हैं। वेबसाइट चलाने वाले सॉफ्टवेयर से लेकर डिजिटल सर्टिफिकेट, एआई टूल और क्लाउड प्लेटफॉर्म तक, कई अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा से जुड़ी गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। कहीं ऐसी खामियां मिलीं जिनसे हमलावर किसी सर्वर पर अपना कोड चला सकते थे, तो कहीं सॉफ्टवेयर के अपडेट में ही खतरनाक कोड डाल दिया गया। भारत की कंपनी ईमुधरा से जुड़े

डिजिटल सर्टिफिकेट का मामला भी इसी दौरान ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी की बड़ी चर्चा बन गया। अच्छी बात ये है कि अब तक कोई बड़े नुकसान की खबर नहीं है। हाल ही में एआई लीडर्स ने वॉर्न किया था कि एआई के पावरफुल मॉडल्स दुनिया भर के सॉफ्टवेयर्स में खामी इंसानों के मुकाबले काफी तेजी से ढूंढ सकते हैं।

ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

2028 तक आएगी नई पीढ़ी की मिसाइल, कई देश खरीदना चाह रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. जयतीर्थ जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस के विकास और परीक्षण के लिए जरूरी विशेष तकनीकों पर काम करने के वास्ते 'टेक-ब्रिक्स' स्थापित करके अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कार्य में भी तेजी लाना चाहते हैं।

डॉ. जयतीर्थ जोशी

ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे

डॉ. जोशी ने बताया कि आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है। फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं। आज ब्रह्मोस अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत स्थिति में है। कंपनी भविष्य में अपने निर्यात की पहुंच को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। डॉ. जोशी ने बताया कि भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,400 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें सालाना 62.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम से चिंतित अमेरिका अब नए हमले की तैयारी में

इजराइल में 27 अक्टूबर को चुनाव

ट्रंप बोले- कोई बातचीत नहीं हो रही, तेहरान के साथ चुनाव बाद जल्द कुछ होने वाला है

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अमेरिका, ईरान के साथ बातचीत नहीं कर रहा है। इसके साथ ही बहुत जल्द ही कुछ होने वाला है। मीडिया से चर्चा में ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं। लेकिन किसी न किसी तरह से कुछ न कुछ जरूर होगा। यह बहुत जल्द होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को उम्मीद है कि अगले महीने अमेरिकी चुनाव के बाद कुछ घटनाक्रम देखने को मिल सकते हैं। हमले का कारण ईरान के बढ़ते यूरेनियम संवर्धन और परमाणु गतिविधियों को लेकर बातचीत विफल होना है। ईरान तेजी से परमाणु बम कार्यक्रम को पूरा करने में जुटा है जिसे लेकर अमेरिका चिंतित है। वहीं, इजराइल में 26वीं नेसेट (संसद) के लिए आम चुनाव 27 अक्टूबर 2026 को होने जा रहे हैं।

- चुनाव परिणाम 4 नवंबर को घोषित
- 3 नंबर को ईरान पर हमले की आशंका

डोनाल्ड ट्रंप, मुजतबा ख़ामेनेई फाइल फोटो

ईरान का दावा होर्मुज में सात तेल टैंकरों पर किया गया हमला

वहीं, ईरान ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में रात के दौरान सात तेल टैंकरों में आग लग गई या उन्हें नुकसान पहुंचा है। ईरान के मुताबिक, जहाजों पर हमला किया गया या वे समुद्री बारूदी सुरंगों से टकराए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की नौसेना के हवाले से जहाजों पर हमले की जानकारी दी। हालांकि, इसमें किसी के मारे जाने या घायल होने की जानकारी नहीं दी गई। ब्रिटेन की समुद्री निगरानी संस्था यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इन हमलों की सूचना नहीं दी। हाल के दिनों में निगरानी करने वालों ने कहा है कि कुछ जहाज संचालक घटनाओं की जानकारी देने से हिचक रहे हैं।

'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' से करेंगे हमला: ईरान

ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर कोई नई सैन्य कार्रवाई होती है, तो वह उसका जवाब देगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता हुसैन मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिका के पास 'मदर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों की मां) है। हम उन्हें 'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों का पिता) दिखाएंगे, और यह निश्चित रूप से उनके लिए कुछ नया होगा।' हालांकि, तेहरान ने इस हथियार के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है और न ही यह स्पष्ट किया है कि इस धमकी का असल मतलब क्या है।

पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से की फोन पर बात

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की है। नेतन्याहू ने पोस्ट में कहा कि मैंने अपने मित्र, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इजराइल के स्वतंत्रता दिवस पर वीर भारतीय पायलट स्मित मछर के साथ मशाल प्रज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने निमंत्रण के लिए मुझे धन्यवाद दिया और कहा कि जमीन पर और हवा में, भारत और इजराइल आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ रहे हैं। उन्होंने हमारे बीच के मजबूत और वर्षों पुराने संबंधों की भी सराहना की।

अमेरिका और इजराइल ने तैयारी तेज की

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे, परमाणु सुविधाओं, और मिसाइल व ड्रोन जखीरे को निशाना बनाने के लिए एक छोटे लेकिन तीव्र अभियान की विशेष योजनाएं तैयार की हैं। दोनों सेनाओं ने अपना अभ्यास तेज कर दिया है।

यूपी के सहारनपुर की घटना

पीएनबी की करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ के नकली नोट, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

यूपी के सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपए के नकली नोट मिलने के मामले में एनआईए ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय कुमार और हरीश रौंटा के रूप में हुई है।

एनआईए के मुताबिक, दोनों इस साजिश के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। इन पर बड़ी मात्रा में नकली भारतीय करेंसी छापने और उसकी सप्लाई करने का आरोप है। जांच एजेंसी के मुताबिक, अजय कुमार को 16 अक्टूबर को हरियाणा के अंबाला से गिरफ्तार किया गया, जबकि हरीश रौंटा को 22 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश के मनाली से पकड़ा गया। आरोप है कि इनके द्वारा छापे और सप्लाई किए गए नकली नोट अलग-अलग आरोपियों के जरिए सहारनपुर स्थित पीएनबी की करेंसी चेस्ट तक पहुंचाए गए थे।

जांच करती एनआईए की टीम

रेहान की प्रदर्शनी से 70 फोटो हटाने से मामला गरमाया भड़की कांग्रेस

हम कोई दूसरी जगह तलाश लेंगे और प्रदर्शनी लगाएंगे, पिता रॉबर्ट ने बेटे पर गर्व जताया, ये तस्वीरें कोई विवादित नहीं लगाई गई

हमें नहीं पता यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या किसी और दबाव के कारण लिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और रेहान वाड्रा के पिता, रॉबर्ट वाड्रा ने गुरुवार को अपने बेटे पर गर्व जताया। बीकानेर हाउस में बेटे की फोटोग्राफी प्रदर्शनी पर आपत्तियां जताई गई थीं, जिस पर वाड्रा ने कहा कि परिवार उनके काम को प्रदर्शित करने के लिए कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा। उन्हें नहीं पता कि बीकानेर हाउस का यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या दबाव में लिया गया है। वाड्रा ने कहा कि उसने देखा है कि पूरा परिवार किन हालात से गुजरा है? वह एक बहुत मजबूत इंसान है, बहुत मजबूत इरादों वाला व्यक्ति है। वह कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा, और हम किसी दूसरी जगह पर ही यह प्रदर्शनी करेंगे।

ये तस्वीरें किसी भी तरह से विवादित नहीं

वाड्रा ने यह भी कहा कि ये तस्वीरें विवादित नहीं हैं, बल्कि इनमें रेहान का नजरिया और उसकी रचनात्मकता झलकती है। जब वह खुद विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर मौजूद था, तब उसने ये तस्वीरें ली थीं। उन्हें इस बारे में पहले ही बता दिया गया था।

रेहान ने कहा था- पहले ही साझा की थी तस्वीरें

रॉबर्ट वाड्रा

रेहान वाड्रा कलाकार और फोटोग्राफर हैं। उन्होंने बुधवार को कहा था कि बीकानेर हाउस प्रशासन ने उनकी एकल प्रदर्शनी से दिल्ली में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों को दिखाने वाली कई तस्वीरें हटा दी थीं। यह कार्रवाई प्रदर्शनी शुरू होने से पहले की गई थी। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। 'नो आइडिया इज फाइनल' नाम की इस प्रदर्शनी की झलक बुधवार को दिखाई गई थी।

प्रियंका गांधी ने कहा

कल कोई दूसरा कलाकार होगा, सच के साथ खड़े रहो

प्रियंका गांधी ने इसे 'हास्यास्पद' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी युवाओं की आवाज दबा रहे हैं। उन्होंने कहा आज वह है, कल कोई दूसरा कलाकार होगा। जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे शायद इस बात का अहसास नहीं होता, लेकिन वह असल में उसी सत्ता को खो देता है जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा, तुम सच के साथ खड़े रहो और हर खूबसूरत चीज खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाएगी। मुझे तुम पर गर्व है।

बीकानेर हाउस सोसायटी ने कहा

ये तस्वीरें उसकी नीति के अनुरूप नहीं थीं

बीकानेर हाउस सोसाइटी ने कहा कि उसने प्रदर्शनी से रेहान की कुछ तस्वीरें हटाने के लिए कहा था। सोसाइटी ने कहा कि यह एक

सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है। इसका मकसद कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां होने वाली प्रदर्शनियों और उनसे जुड़ी गतिविधियों को बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति का पालन करना होता है। बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज फाइनल' के तहत लगाई गई कुछ तस्वीरें बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति के अनुरूप नहीं पाई गईं। इसलिए उन्हें हटाने के लिए कहा गया।

खबर संक्षेप

मनेंद्रगढ़ में पेड़ से टकराई बस, 6 की मौत

मनेंद्रगढ़। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर पहाड़हंसवाही के पास भीषण दुर्घटना में 6 यात्रियों

की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। मनेंद्रगढ़ से केल्हारी की ओर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। लोगों की चीख-पुकार मच गई। स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य आरंभ कर दिया।

7 रु. के टिकट में खुली 1 करोड़ की लॉटरी

चंडीगढ़। महंगाई और आर्थिक परेशानियों के बीच मजदूरी कर परिवार का गुजारा करने वाले

कोटकपूरा के एक परिवार के लिए महज 7 रुपए की लॉटरी टिकट खुशियों की सौगात लेकर आई। सिक्किम सरकार की लॉटरी में परिवार की बिमला देवी के नाम से खरीदी गई टिकट पर एक करोड़ रुपए का इनाम निकला है। बिमला देवी रेलवे रोड टिकट खरीदी थी।

बंगाल में भाजपा समर्थक की गोली मारकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बुधवार शाम 35 साल के भाजपा समर्थक समीर

घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के रामकेली इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने पहले धारदार हथियारों से हमला किया, फिर उन्हें दो गोलियां मारीं। हत्या के बाद इलाके में दो गुटों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम 6 लोग घायल हुए हैं।

काकीनाडा में टक्कर में 4 श्रद्धालुओं की मौत

काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में ष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सड़क किनारे चाय पी रहे

श्रद्धालुओं को एक एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे 4 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। विजयनगरम के डेंकाडा गांव के श्रद्धालु कनक दुर्गा मंदिर के दर्शन के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे। चालक ने सुबह करीब 5:40 बजे बस रोकी थी।

मीका और दलेर से खुद बात करेंगे सीएम धामी

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वह गायक दलेर मेहंदी और मीका सिंह से बात करेंगे। प्रेस

कॉन्फ्रेंस के दौरान धामी ने दलेर मेहंदी प्रकरण पर यह बात कही। कुंजापुरी मेले में गायक दलेर को मंच पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने फटकार लगाई थी। इसके बाद इस मामले को लेकर विरोध शुरू हो गया। सार्वजनिक रूप से आरोप लगाना ठीक नहीं है।

समूह के 9 सदस्य देशों की रहेगी भागीदारी, आमंत्रित देशों के रूप में शामिल होंगे 10 देश

अगले सप्ताह भारत की संसद करेगी 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन

यह जानकारी गुरुवार को संसद भवन में आयोजित की गई प्रेस वार्ता में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले सप्ताह सोमवार से भारत की संसद की मेजबानी में दो दिवसीय 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समूह के सभी 11 सदस्य देशों में से 9 की भागीदारी देखने को मिलेगी। जबकि 10 आमंत्रित देश भी आयोजन में शामिल होंगे। यह जानकारी गुरुवार को संसद भवन में आयोजित की गई एक प्रेस वार्ता में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दी है। उन्होंने बताया कि 26 से 27 अक्टूबर तक संसद परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होने वाले इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति रहेगी और वह आगंतुक शिष्टमंडलों के नेताओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। सम्मेलन में ब्रिक्स के सदस्य देशों, भागीदार देशों के पीठासीन अधिकारी, संसद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, संसदीय नेता, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश, राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में ब्रिक्स देशों की संसदों की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर मंथन होगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब और इथोपिया मंच में शामिल नहीं होंगे। भारत की संसद ने 64 देशों के साथ मित्र समूह गठित किए हैं। कार्यक्रम में मित्र समूहों के सदस्य भी भाग लेंगे।

4 सत्र और थीम जन केंद्रित विकास होगी

बिरला ने कहा कि कार्यक्रम की मुख्य थीम 'जन केंद्रित विकास हेतु संसदों का सुदृढ़ीकरण होगी'। साथ ही इस दौरान कुल चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसमें लचीलापन, नवोन्मेष, सहयोग ओर टिकाऊपन मुख्य हैं। पहले सत्र में मंच में भाग लेने वाले सभी भागीदार बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में संसदों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। नवोन्मेष में संसदों के जरिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में मानव केंद्रित नवोन्मेष को बढ़ावा देने के मामले पर चर्चा की जाएगी। जबकि तीसरे सहयोग वाले सत्र में संसदीय सहयोग के माध्यम से अधिक प्रतिनिधिक वैश्विक शासन व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा अंतिम चौथे सत्र यानी टिकाऊपन में समूह देशों का सतत-समावेशी भविष्य सुनिश्चित करने में संसदों की भूमिका पर मंथन किया जाएगा।

स्पीकर बिरला ने कहा भारत की संसद ने 64 देशों के साथ मित्र समूह गठित किए हैं।



संसदीय इतिहास का नया अध्याय

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि 2025 में समूह के संसदीय मंच का आयोजन ब्राजील में किया गया था। वहां पर भारत को सम्मेलन की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद मौजूदा साल 2026 की शुरुआत में राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों का सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ और फिर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का सफलता के साथ आयोजन किया है। अब हम ब्रिक्स संसदीय मंच को आयोजित करने जा रहे हैं। ये सम्मेलन अपने आप में कई मायनों में खास है। जिसे भारत संसदीय राजनय के इतिहास में एक नए अध्याय के रूप में देखता है।

द्विपक्षीय और विशेष बैठकें होंगी

उन्होंने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में बतौर मेजबान देश हमारी भागीदार देशों के शिष्टमंडल के नेताओं के साथ द्विपक्षीय, बहुपक्षीय बैठकें होंगी। इसके अलावा संसदीय राजनय, क्षमता निर्माण व सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान पर संवाद करने के लिए समूह के सदस्य-भागीदार देशों की संसदो की वैश्विक मामलों की समितियों के अध्यक्षों की एक विशेष भी होगी। सम्मेलन के पूर्व में 25 अक्टूबर को समूह संसदीय मंच के संयुक्त वक्तव्य को अंतिम रूप देने के लिए शिष्टमंडलों के सचिवों की बैठक होगी। लोकसभा अध्यक्ष के मुताबिक, ब्रिक्स संसदीय मंच में उच्च स्तरीय पूर्ण सत्रों, समानांतर बैठकों, द्विपक्षीय आदान-प्रदान के साथ ही एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उप-राष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन गणमान्य अतिथियों के सम्मान में भोज देंगे। जबकि इसके समापन वाले दिन यानी 27 अक्टूबर को आमंत्रित शिष्टमंडलों के सदस्य संसद भवन परिसर का दौरा करेंगे और राजधानी दिल्ली में सांस्कृतिक भ्रमण का आनंद लेंगे।

ऐतिहासिक स्थानों पर बनेंगे कॉरिडोर 21 पुरातात्विक स्थलों पर खुदाई होगी

हरियाणा विजन 2047: मुख्यमंत्री ने की पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में अनेक ऐसे ऐतिहासिक स्थान हैं जो हमारे गौरवशाली इतिहास और पूर्वजों के संघर्ष के परिचायक हैं। प्रदेशवासियों को इनसे रूबरू करवाने के लिए हरियाणा में ऐतिहासिक स्थानों का नया कॉरिडोर बनाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरों की कहानियों की जानकारी मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह निर्देश बृहस्पतिवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की अगले 5 वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग की कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार करने तथा हरियाणा को टूरिज्म हब बनाने के संबंध में अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश में वर्ष 1972 से 2025 के बीच 9 स्थलों पर पुरातात्विक खुदाई की गई है। विभाग द्वारा भविष्य में 21 नए स्थलों पर खुदाई की जाएगी। पहले चरण में 2026-27 के दौरान हिसार जिले के सीसवाल में खुदाई की योजना है। इसके बाद खरड़ अलीपुर में दो चरणों में खुदाई की जाएगी। वर्ष 2029-31 के दौरान बालू, जोगना खेड़ा, तिगड़ाना और राखीगढ़ी में से पुरातात्विक प्राथमिकता के आधार पर स्थलों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अंबाला कैंट में विशाल एवं भव्य शहीद स्मारक बनाया गया है।

राखीगढ़ी और सरस्वती-सिंधु सभ्यता पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राखीगढ़ी को एक प्रमुख पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के साथ सरस्वती-सिंधु विरासत कॉरिडोर की अवधारणा पर काम किया जाएगा। इसमें राखीगढ़ी, भरड़ाना, तिगड़ाना, बनावली, कुनाल, बालू, भगवानपुरा और खरड़ अलीपुर सहित प्रमुख स्थलों को जोड़ा जाएगा। इसके साथ कुरुक्षेत्र, अग्रोहा, थानेसर, पिंजौर और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की विरासत को भी प्रमुखता दी जाएगी।

संरक्षित स्मारकों की संख्या 120 से अधिक करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 72 संरक्षित स्मारकों की संख्या को वर्ष 2031 तक 120 से अधिक किया जाए। ऐतिहासिक किलों, प्राचीन बावड़ियों, मंदिरों और हवेलियों की पहचान, दस्तावेजीकरण तथा वैज्ञानिक संरक्षण किया जाए। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी मंथन किया।

चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन

आज उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, देश-विदेश से जुटेंगे 9 हजार से अधिक प्रतिभागी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रतिभागियों को संबोधित भी करेंगे। 3 दिनी यह वैश्विक सम्मेलन चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर के समारोहों का समापन होगा। इसमें भारत और विदेशों से 9 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन आध्यात्मिक चिंतन, भारतीय संस्कृति और भगवद्गीता के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में देश-विदेश से आने वाले प्रतिभागी चिन्मय मिशन की 75 वर्षों की यात्रा और उसकी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

1951 में हुई थी चिन्मय मिशन की स्थापना

चिन्मय मिशन की स्थापना वर्ष 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी। यह एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जो वेदांत दर्शन, भगवद्गीता के संदेश और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के अध्ययन-प्रसार के लिए कार्य करता है। मिशन का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक जीवन से जोड़ना और लोगों को आत्मचिंतन, नैतिक मूल्यों तथा आध्यात्मिक विकास के लिए प्रेरित करना है।

बीते 75 वर्षों में चिन्मय मिशन ने भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी गतिविधियों का विस्तार किया है। इसके माध्यम से आध्यात्मिक अध्ययन, गीता एवं वेदांत पर प्रवचन, शैक्षणिक गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

पिछले वर्ष शुरू हुआ था वर्षभर का समारोह

चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर के समारोहों की शुरुआत पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवद्गीता के तमिल पद्यानुवाद के विमोचन के साथ हुई थी। यह तमिल पद्यानुवाद तमिलनाडु स्थित चिन्मय मिशन द्वारा तैयार किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भगवद्गीता के संदेश को तमिल भाषा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना था।

रायपुर के लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोग

राष्ट्रपति ने जारी किया 200 रु. का स्मारक सिक्का

माता हासी का नाम है अंकित

एजेंसी ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। शदाणी दरबार रायपुर की पांचवीं पीठाधीश माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया गया है। सिंधी विभूति के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी होना समाज के लिए ऐतिहासिक मौका है। राष्ट्रपति2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आयेंगी। वे 23 अक्टूबर को जगदलपुर के सिरहासार भवन में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार को संबोधित करेंगी। बस्तरिया आदिवासियों से उनकी फरियाद सुनेंगी।

हड़ताल करना तब बनता जब हम अपील न करते, 5-6 दिन में एपीटीईएल में दाखिल होगी अपील

मंत्री ने बताया बेवजह हड़ताल की जा रही

बिजली कर्मचारी हड़ताल का रास्ता छोड़ हमारे साथ आएं, कोई सुझाव हो तो वे हमें बताएं : अनिल विज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के ऊर्जा अनिल विज ने गुरूग्राम व नूंह में बिजली वितरण के लिए दिए लाइसेंस के विरोध में हरियाणा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के संबंध में कहा कि हमने सारा इंतजाम किया है और यह जो हड़ताल की जा रही है वो बेवजह है क्योंकि हरियाणा बिजली विनियामक आयोग ने आदेश दिया है कि निजी कंपनी को बिजली दी जाए। हालांकि विनियामक के सामने हमने बड़ा वकील खड़ा करके और विभाग ने पूरी ताकत से उस कंपनी का विरोध किया है। उन्होंने कहा, मगर यह स्वायत्त संस्था है, हमने बिजली निजीकरण के लिए कोई आवेदन नहीं मांगा था, लेकिन यह केंद्रीय एक्ट है जिसमें यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति, कोई भी कंपनी आवेदन लगा सकती है कि हमें बिजली दी जाए। विज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि

वह स्वयं निजीकरण के खिलाफ है क्योंकि हमारा इतना पैसा व ढांचा लगा है, कर्मचारियों की नौकरी का सवाल है इसलिए हमने इसका डटकर विरोध किया, मगर फैसला हमारे खिलाफ आया और इस फैसले की हम विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील कर रहे हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी वहां से विनियामक के आदेश के खिलाफ स्टे हासिल करें। उन्होंने कहा कि वह कर्मचारी नेताओं को यह कहना चाहते हैं कि हड़ताल करना तब बनता जब हम अपील न करते, अपील करने के लिए 45 दिन का समय होता है, मगर हम पूरी तरह से अधिकारियों के साथ लगे है ताकि 5-6 दिन में यह अपील दायर कर स्टे हासिल कर लें।

कर्मचारियों साथियों से वह कहना चाहते हैं कि हड़ताल का रास्ता छोड़कर वह हमारे साथ आए और केस तैयार कराने के लिए यदि हमारे वकील को कोई राय देना चाहते हैं तो वह दे, या वो अपना वकील खड़ा करना चाहते है तो वह खड़ा करे, या वो कोई और वकील का सुझाव देना चाहते है तो बताए हम वह वकील हायर कर लेंगे। उन्होंने कहा कि लड़ना तो कोर्ट में पड़ेगा क्योंकि यह विनियामक है, कुछ नासमझ लोग कह रहे हैं कि सरकार ने बिजली दी और सरकार अपील में जा रही है, ऐसा नहीं हो सकता, यह सरकार नहीं विनियामक है समझ नहीं है तो एक्ट लेकर पढ़ लें।

हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला आज

तिरंगा लहराने में अनुमति की जरूरत नहीं, हमने कुछ गलत नहीं किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर शुक्रवार 23 अक्टूबर को अपना फैसला सुनाएगा। नेहा ने स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) द्वारा जारी किए गए पुलिस नोटिस को चुनौती दी है, जिसमें उनसे 'शांति बनाए रखने' के लिए बॉन्ड भरने को कहा गया था। हालांकि, नेहा का कहना है कि तिरंगा फहराने के लिए किसी की मंजूरी की क्या जरूरत है? जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने करीब 3 घंटे

तक नेहा बोरा और दिल्ली पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने कहा शुक्रवार को आदेश करूंगा। नेहा ने कनॉट प्लेस में सीजेपी के बुलाए गए प्रोटेस्ट से खुद को अलग कर लिया। बोरा के वकील ने कहा कि वह सेंट्रल पार्ट में अलग से बुलाए गए आह्वान में शामिल नहीं थी। वह दूसरे संगठन ने बुलाया था। मैं मंडी हाउस में अपने आह्वान से निपट रही थी।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415